RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रुबरु

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 | अंक-255 | जयपुर, शुक्रवार, 13 मार्च 2026 | मूल्य-4 रूपये

## रिश्वत लेने वाले कांस्टेबल को सस्पेंड किया, जेल भेजा

**उदयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ACB) की उदयपुर की स्पेशल यूनिट ने एक दिन पहले रिश्वत लेते पकड़े कांस्टेबल को आज उदयपुर पुलिस ने सस्पेंड कर दिया। उसे कोर्ट में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया है।

उदयपुर पुलिस ने कॉन्स्टेबल नागेंद्र सिंह को इस मामले में सस्पेंड कर दिया है। वे 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों एसीबी के हत्थे चढ़े थे। आरोपी ने एक गैराज को सीज करने की धमकी देकर रिश्वत की मांग की थी।

उल्लेखनीय है कि एसीबी को परिवादी महेंद्र डांगी (गैराज मालिक) ने शिकायत दी थी कि आरोपी सादी वर्दी में सरकारी गाड़ी लेकर उसके गैराज पर आए। उन्होंने चोरी की गाड़ियां काटने और नाबालिगों से काम कराने के झूठे आरोप लगाकर गैराज सीज करने की धमकी दी।

## नागौर में तस्कर पर 25 पैसे का इनाम

नागौर

नागौर में पांच महीने से फरार चल रहे एक तस्कर पर पुलिस ने 25 पैसे का इनाम रखा है। ये इनाम पुलि ने अर्जुनराम विश्नोई पर घोषित किया है। इधर, ये इनाम की राशि चर्चा का विषय बन गई है।

नागौर एसपी ऑफिस की ओर से 11 मार्च मंगलवार को इसके आदेश जारी किए गए थे।इस मामले में नागौर एसपर मृदुल कच्छावा का कहना है कि- आरोपियों की सामाजिक हवाबाजी खत्म करने के लिए ये इनाम जारी किया गया है।

दरअसल, अर्जुनराम विश्नोई डोडा-पोस्त, गांजा और एमडी समेत अन्य नशे की तस्करी से जुड़ा हुआ है। 10 अक्टूबर 2025 में कुचेरा थाने में उसके खिलाफ मामला दर्ज हुआ था। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार जायल उपखंड निवासी अर्जुनराम पुत्र जिसुखराम विश्नोई लंबे समय से फरार है। ऐसे में नागौर एसपी की ओर से आदेश जारी किया गया

### एलपीजी संकट पर संसद में चर्चा में केंद्रीय मंत्री ने कहा- देश में पर्याप्त गैस-तेल मौजूद

# भारत 40 देशों से क्रूड ऑयल ले रहा, लंबे समय तक हालात से निपटने को तैयार

### देश में ईंधन की कोई कमी नहीं, लंबे संघर्ष की स्थिति में भी नहीं होगी दिक्कत

नई दिल्ली

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गुरुवार को कहा देश में ईंधन की कोई कमी नहीं है। भारत के पास इस समय पर्याप्त कच्चे तेल का भंडार मौजूद है। उन्होंने सदन को बताया कि पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच भारत अपने ऊर्जा आयात के स्रोतों को विविध बना रहा है। देश अब सिर्फ पश्चिम एशिया पर निर्भर नहीं है।

लोकसभा में देश में एलपीजी संकट पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि भारत 40 देशों से क्रूड ऑयल ले रहा है। रसोई गैस सिलेंडर पर पैनिक होने की कोई बात नहीं है। पुरी ने कहा कि भारत की कच्चे तेल की आपूर्ति की



स्थिति पुरी सुरक्षित है। हमारे पास जितना तेल उपलब्ध है, वह स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से मिलने वाली आपूर्ति से कहीं ज्यादा है। पुरी ने कहा घरेलू रसोई गैस की सप्लाई भी स्थिर बनी हुई है। भारत लगभग 40 देशों से कच्चे तेल का आयात करता है, जिससे विभिन्न मार्गों के जरिए ऊर्जा आपूर्ति जारी रहती है और मौजूदा संघर्ष के बावजूद देश में ईंधन की उपलब्धता पर कोई बड़ा असर नहीं पड़ा है।

हरदीप पुरी ने लोगों से अपील की कि वे अफवाहें न फैलाएं और फर्जी जानकारी से बचें। उन्होंने कहा भारत सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि घरेलू उपभोक्ताओं को कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) और पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की पूरी सप्लाई मिलती रहे। पेट्रोलियम मंत्री ने जोर देकर कहा सरकार देशभर के घरों तक सस्ती व बिना रुकावट ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए किसी तरह की कमी नहीं है और घबराने की कोई जरूरत नहीं है।



*लोकसभा में गुरुवार को विपक्ष के सांसदों ने देश में सिलेंडर संकट के मुद्दे पर हंगामा किया। सांसदों ने संसद के बाहर 'नरेंदर भी गायब, सिलेंडर भी गायब' के नारे लगाए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ऊर्जा सुरक्षा मामले में केंद्र सरकार को घेरा है। उन्होंने संकट से निपटने के लिए अग्रिम तैयारी किए जाने का आह्वान करते हुए कहा, अगर ऐसा नहीं किया गया, तो भविष्य में करोड़ों लोगों को नुकसान उठाना पड़ेगा।*

### राहुल बोले- पेट्रोलियम मंत्री एप्सटीन के दोस्त

लोकसभा में एलपीजी सिलेंडर संकट पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन की गरिमा बनाए रखने व नियमों का पालन करने की नसीहत दी। राहुल गांधी ने इस विषय पर बोलने के लिए नोटिस दिया था और अध्यक्ष ने उन्हें अनुमति भी दी थी। उन्होंने पश्चिम एशिया में युद्ध और ऊर्जा सुरक्षा पर बोलना शुरू किया, लेकिन बीच में एप्सटीन और जॉर्ज सोरोस का मुद्दा उठाने पर अध्यक्ष ने उन्हें रोक दिया। बिरला ने कहा राहुल गांधी ने गैस संकट व ऊर्जा सुरक्षा पर बोलने का नोटिस दिया था और अनुमति भी उसी विषय पर दी थी। यदि उन्हें किसी अन्य मुद्दे पर बोलना था तो पहले से नोटिस देना चाहिए था। विपक्ष का जिम्मेदार नेता होने के बावजूद बिना नोटिस के दूसरे मुद्दों पर चर्चा करना संसद की प्रक्रिया और नियमों के अनुरूप नहीं है।

## सरकार ने माना- घबराहट की वजह से सिलेंडर बुकिंग बढ़ी

### रोज 50 लाख सिलेंडर डिलीवर हो रहे

### 1 लाख पेट्रोल पंप पर तेल की कमी नहीं

नई दिल्ली

भारत सरकार के विदेश, शिपिंग, पेट्रोलियम, सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने गुरुवार को देश में कच्चे तेल और गैस की किल्लत को लेकर जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। सरकार ने माना कि देश में हालात चुनौतीपूर्ण हैं और घबराहट के कारण देशभर में सिलेंडर बुकिंग में कई गुना बढ़ोतरी देखी गई है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि भारत अपनी जरूरत का करीब 60% एलपीजी आयात करता है, जिसमें से लगभग 90% सप्लाई स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से आती है। देश में रोजाना करीब 50 लाख एलपीजी सिलेंडर की डिलीवरी की जाती है।

हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि देश में कच्चे तेल की सप्लाई की स्थिति पूरी तरह संतोषजनक है और देश के करीब





एक लाख पेट्रोल पंपों में से किसी पर भी ईंधन खत्म होने (ड्राई-आउट) की स्थिति नहीं है।

अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग के बीच भारत में एलपीजी की डिमांड बढ़ गई है। देशभर में गैस सिलेंडर एजेंसियों के बार लम्बी लाइनें लग रही हैं। सिलेंडरों की कालाबाजारी भी होने लगी है। राज्यों में 900 के घरेलू गैस सिलेंडर के लिए 1800 तक वसूले जा रहे हैं।

मंत्रालय की जॉइंट सेक्रेटरी (मार्केटिंग और ऑयल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने कहा- देश में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की उपलब्धता को लेकर स्थिति काफी सहज और संतोषजनक है। भारत रोजाना करीब 55 लाख बैरल कच्चे तेल का इस्तेमाल करता है और दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रिफाइनर होने के कारण पेट्रोल-डीजल जैसे उत्पादों की उपलब्धता को लेकर भरोसा बना हुआ है।

# एलपीजी को लेकर डर फैला रहे कुछ लोग: पीएम

### कालाबाजारी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि एलपीजी को लेकर कुछ लोग जानबूझकर डर फैला रहे हैं और इससे फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग अपना एजेंडा चलाना चाहते हैं, लेकिन संकट के समय इस तरह का माहौल देश के लिए नुकसानदायक होता है।

प्रधानमंत्री ने चेतावनी दी कि एलपीजी की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि आम लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो।



प्रधानमंत्री गुरुवार को दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित हङ्कञ्ज समिट में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि मौजूदा वैश्विक हालात चुनौतीपूर्ण हैं और युद्ध की वजह से दुनिया भर में ऊर्जा संकट की स्थिति बनी है। उन्होंने कहा- ऐसे समय में देश को शांति और धैर्य के साथ परिस्थितियों का सामना करना होगा। संकट के समय हर किसी की जिम्मेदारी होती है। इसमें चाहे वह राजनीतिक दल हों, मीडिया हो, सामाजिक संस्थाएं हों या फिर गांव और शहर के लोग।

प्रधानमंत्री ने कोरोना महामारी का उदाहरण देते हुए कहा कि जब पूरा देश एकजुट होकर काम करता है तो बड़ी से बड़ी मुश्किल भी आसान हो जाती है। उन्होंने कहा कि आज देश के सामने एक और चुनौती है और इसे भी हमें मिलकर ही पार करना होगा। किसी भी संकट से शांति और धैर्य के साथ निपटना चाहिए। इसमें सरकार, राजनीतिक दल, मीडिया, सामाजिक संस्थाएं, गांव और शहर सभी की भूमिका होती है। भारत ऊर्जा के अलग-अलग स्रोतों को बढ़ावा दे रहा है। सरकार ने दो स्तर पर काम किया, इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करना और ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाना।

2014 में देश में करीब 14 करोड़ LPG कनेक्शन थे। अब यह बढ़कर करीब 33 करोड़ से ज्यादा हो गए हैं। पिछले 11 साल में गैस बॉटलिंग क्षमता दोगुनी हुई।

2014 में 4 LNG टर्मिनल थे, अब इनकी संख्या दोगुनी हो गई है। पहले 25-26 लाख घरों में पाइप गैस थी, अब 1.25 करोड़ से ज्यादा घरों तक पहुंच गई है। सरकार ने रेलवे का तेजी से विद्युतीकरण किया। 2014 तक केवल 20% रेलवे लाइनें ही बिजली से चलती थीं। अब लगभग 100% लाइनें विद्युतीकृत हो चुकी हैं। 2024-25 में रेलवे ने 180 करोड़ लीटर ईंधन की बचत की है। पहले कई इलाके माओवादी हिंसा से प्रभावित थे। अब ऐसे जिलों की संख्या घटकर सिंगल डिजिट में आ गई है। 2100 से ज्यादा नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। करीब 300 को मार गिराया गया।

### इस्राइल से जंग के बीच मोजतबा खामेनेई का पहला बयान

# खाड़ी देशों पर हमले जारी रहेंगे

तेहरान

ईरान के नए सर्वोच्च नेता आयातुल्ला मोजतबा खामेनेई ने अमेरिका और इस्राइल के साथ जारी जंग के बीच अपना पहला बयान जारी किया, जिसे गुरुवार को सरकारी टेलीविजन पर एक समाचार एंकर ने पढ़ा। खामेनेई खुद कैमरे पर नजर नहीं आए। लेकिन उनके बयान को पूरे देश में दिखाया गया। बयान में खामेनेई ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने का इस्तेमाल ताकत के रूप में किया जाना चाहिए और खाड़ी के अरब पड़ोसी देशों पर हमले जारी रहेंगे। पश्चिम एशिया में युद्ध के बीच यह उनका पहला संदेश है।



बयान में उन्होंने यह भी कहा कि ईरान अपने पड़ोसी देशों के साथ मित्रता चाहता है और अब केवल अमेरिका के ठिकानों को निशाना बना रहा है, जिस पर हमले जारी रहेंगे। मोजतबा खामेनेई ने देश से एकजुटता आह्वान किया और कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद रखा जाएगा, ताकि ईरान के दुश्मनों पर दबाव बनाया जा सके। उन्होंने कहा, हम अपने शहीदों के खून का बदला लेंगे।

उन्होंने देश की सेना का धन्यवाद किया और कहा कि उन्होंने ईरान को विभाजित होने या कब्जे में जाने से बचाया।

### पीएम मोदी ने ईरानी राष्ट्रपति से की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार देर रात ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान से की पश्चिम एशिया संकट पर बातचीत की। ईरानी राष्ट्रपति के साथ बातचीत में पीएम नरेंद्र मोदी ने बढ़ते तनाव, नागरिकों की जानमाल की हानि और नागरिक बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त की।

पीएम मोदी ने ईरानी राष्ट्रपति के साथ फोन पर हुई बातचीत में शांति और स्थिरता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया। इसके साथ ही पीएम ने पश्चिम एशिया संकट को हल करने के लिए संवाद और कूटनीति पर जोर दिया।

## सरिस्का में बाघिन एसटी-17 ने दिया तीन शावकों को जन्म

जयपुर

सरिस्का टाइगर रिजर्व से वन्यजीव प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी आई है। सरिस्का बाघ परियोजना में बाघिन एसटी-17 ने तीन शावकों को जन्म दिया है। वन विभाग ने कैमरा ट्रैप तस्वीरों व फील्ड मॉनिटरिंग के आधार पर इसकी आधिकारिक पुष्टि की है।

वन विभाग के अनुसार अकबरपुर रेंज क्षेत्र में लगाए गए कैमरा ट्रैप में बाघिन एसटी-17



अपने तीनों शावकों के साथ स्पष्ट रूप से नजर आई। शुरुआती निगरानी में बाघिन और शावकों की गतिविधियां सामान्य पाई गई हैं, जिससे अधिकारियों ने संतोष जताया है।

## केवल इनकम के आधार पर ओबीसी क्रीमी लेयर का दर्जा नहीं: सुप्रीम कोर्ट

### यूपीएससी में नियुक्तियों पर अदालत से बड़ी राहत

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के क्रीमी लेयर से जुड़े मुकदमे में अहम टिप्पणी की। दो जजों की खंडपीठ ने आज अपने फैसले में कहा कि आरक्षण के इस मामले में अभ्यर्थी के क्रीमी लेयर का निर्धारण केवल माता-पिता या अभिभावकों की सैलरी के आधार पर नहीं किया जा सका। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आर





महादेवन की पीठ ने अपने फैसले में सरकार की अपील को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि क्रीमी लेयर दर्जा का निर्धारण करते समय माता-पिता या अभिभावकों के पदों और स्थिति को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए।

बेंच ने केंद्र सरकार की उन अपीलों को खारिज कर दिया, जो हाई कोर्ट के फैसलों के खिलाफ थीं। कोर्ट ने उन यूपीएससी उम्मीदवारों को बड़ी राहत दी है, जिन्हें सिविल सेवा परीक्षा पास करने के बावजूद नौकरी नहीं दी गई थी। सरकार ने उनके माता-पिता की सैलरी को आधार मानकर उन्हें गलत तरीके से क्रीमी लेयर की श्रेणी में डाल दिया था। अदालत ने साफ किया कि अधिकारियों ने उम्मीदवारों को आरक्षण से बाहर करने के लिए गलत पैमाना अपनाया। जस्टिस महादेवन ने फैसले में लिखा कि कोई उम्मीदवार क्रीमी लेयर में आता है या नहीं, इसका फैसला केवल आय के आधार पर नहीं हो सकता।

यह पूरा विवाद उन उम्मीदवारों से जुड़ा था जिनके माता-पिता सार्वजनिक उपक्रमों (पीएसयू), बैंकों या इसी तरह के संस्थानों में काम करते थे। सरकार ने 2004 के एक स्पष्टीकरण पत्र का सहारा लेकर उनकी सैलरी को आय में जोड़ दिया था। इस वजह से वे आरक्षण के लाभ से वंचित हो गए थे। सुप्रीम कोर्ट ने 1993 के सरकारी आदेश का हवाला दिया। यह आदेश इंदिरा साहनी मामले के बाद बना था।

## राजस्थान में आरटीआई एडमिशन की लॉटरी निकली

बीकानेर

राजस्थान में शिक्षा का अधिकार के तहत निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश की आवेदन प्रक्रिया पूरी हो गई है। गुरुवार दोपहर जयपुर के शिक्षा संकुल में लॉटरी निकाली गई। जिससे स्टूडेंट्स के प्रवेश प्राथमिकता का क्रम तय किया गया। पहले यह लॉटरी सुबह साढ़े 11 बजे घोषित होनी थी, लेकिन बाद में इसका समय बदलकर शाम 4 बजे कर दिया गया था। हालांकि दोपहर एक बजे ही लॉटरी निकली गई और अभिभावकों को सूचना मिलनी शुरू हो गई। अब ई मित्र के माध्यम से ही अभिभावक लॉटरी में अपना नंबर देख सकते हैं। इस बार पीपी-3 प्लस, पीपी-4 प्लस, पीपी-5 प्लस और पहली कक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन मांगे गए थे। आवेदन के दौरान अभिभावकों को 5 स्कूलों तक का चयन करने का विकल्प दिया गया था। इसके तहत नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी और फर्स्ट क्लास में एडमिशन होंगे।

## राजस्थान में दो पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय

### 14-15 मार्च को आंधी व बारिश की संभावना

जयपुर

राजस्थान में आगामी दिनों मौसम में बदलाव के संकेत हैं। प्रदेश में लगातार दो पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहे हैं, जिनके प्रभाव से अगले एक सप्ताह तक मौसम बदला हुआ रह सकता है। इस दौरान कई क्षेत्रों में आंधी और हल्की बारिश की संभावना जताई गई, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के अनुसार बुधवार रात से ही प्रदेश के कई हिस्सों में बादल छाए रहे, जिससे दिन के तापमान में गिरावट और रात के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। गुरुवार को प्रदेश के 12 शहरों में अधिकतम तापमान 37 डिग्री से अधिक रहा। सबसे अधिक



कोटा में 39.8 डिग्री तापमान दर्ज किया, जबकि रात का सबसे अधिक तापमान 25.2 डिग्री फलौदी में रिकॉर्ड किया गया। कोटा के अलावा भीलवाड़ा, पाली, पिलानी, चित्तौड़गढ़, बाड़मेर, जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर और चूरू सहित कई शहरों में भी दिन का तापमान 37 डिग्री के पार रहा। मौसम केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा के अनुसार 14-15 मार्च को अजमेर, जयपुर, भरतपुर संभाग व शेखावाटी क्षेत्र के जिलों के साथ श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ में कहीं-कहीं मेघगर्जन के साथ हल्की आंधी व बारिश हो सकती है।

### राजस्थान की लूणी, बांडी और जोजरी नदी औद्योगिक नाला बनी, 95% फसलें बर्बाद

# अधिकारियों की लापरवाही से भारी नुकसान: सुप्रीम कोर्ट

जोधपुर

जोधपुर, पाली और बालोतरा की नदियों में फैले औद्योगिक प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार और अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा- उनके 'पैर खींचने' यानी टालमटोल वाले रवैये के कारण सार्वजनिक संपत्तियों और इंफ्रास्ट्रक्चर को भारी नुकसान पहुंचा है। राज्य सरकार ने कमेटी को जांच के लिए पर्याप्त लॉजिस्टिक और मानव संसाधन उपलब्ध नहीं कराए।

दरअसल, जोधपुर संभाग की तीन प्रमुख नदियों (बांडी, लूणी और जोजरी) के प्रदूषित होने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान



लिया था। कोर्ट के आदेश पर एक कमेटी बनाई गई थी। अब इस हाई-लेवल इकोसिस्टम ओवरसाइट कमेटी ने तीनों नदियों की जांच कर अपनी पहली स्टेटस रिपोर्ट मंगलवार को कोर्ट को सौंपी।

कमेटी ने 202 पन्नों की जांच रिपोर्ट में बताया- तीनों नदियां औद्योगिक नाले बन गई हैं। किसानों की फसलें भी केवल 5 प्रतिशत ही सुरक्षित हैं। राजस्थान के अतिरिक्त महाधिवक्ता शिव मंगल शर्मा ने कोर्ट को आश्वस्त किया कि अगली सुनवाई तक कमेटी की लॉजिस्टिक और स्टाफ संबंधी सभी समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा।

इस मामले में जोधपुर के अधिवक्ता दिग्विजय सिंह जसोल के आग्रह पर सुप्रीम कोर्ट से कमेटी की रिपोर्ट सभी पक्षों को उपलब्ध कराने के आदेश दिए। अगली सुनवाई के लिए 17 मार्च को होगी।

जोधपुर की जोजरी नदी के हालात पर रिपोर्ट में कहा गया है कि शहर में 'सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट/एसटीपी' पूरी तरह विफल रहे हैं। शहर में 230 ' मिलियन लीटर प्रति दिन (एमएलडी) सीवरेज बनता है लेकिन ट्रीटमेंट की कुल क्षमता मात्र 175 एमएलडी ही है। इस 55 एमएलडी के भारी अंतर के कारण अनट्रीटेड सीवरेज पानी सीधे नदी में जा रहा है। पाली की बांडी नदी और ' कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट' की स्थिति भी काफी चिंताजनक बताई गई है। रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि सीईटीपी-4 में 1,500 ' मेट्रिक टन (एमटी) और सीईटीपी-6 में 4,500 एमटी खतरनाक सूखा कचरा खुले में जमा है, जो पर्यावरण के लिए बड़ा खतरा है।

### जहरीले पानी से फसलें केवल 5 प्रतिशत ही सुरक्षित

रिपोर्ट में बताया गया है कि सीईटीपी-6 से कुल 280 औद्योगिक इकाइयां जुड़ी हुई हैं। ' नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल' (एनजीटी) ने 26 मई 2017 को सीईटीपी-6 को केवल 6 महीने की अनुमति दी थी। यह समय सीमा कब की समाप्त हो चुकी थी, फिर भी यहां टैंकरों से अपशिष्ट परिवहन बेरोकटोक जारी रहा। इसके अलावा, रिपोर्ट में साल 2019 के एक पूर्व आकलन का हवाला देते हुए बताया गया है कि सिंचाई के प्रमुख स्रोत रहे नेहड़ा डैम के अंदर 5 से 6 फीट तक खतरनाक कीचड़ जमा पाया गया था।

## दुबई से लौटा नौसैनिक गिरफ्तार

आगरा (एजेंसी)। यूपी एटीएस ने आगरा से एक पाकिस्तानी जासूस को गिरफ्तार किया है। आरोपी भारतीय नौसेना यानी नेवी में लांस नायक है। वह पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी कर रहा था। आरोपी ने आईएसआई एजेंट को देश के युद्धपोतों की तस्वीरें और डिटेल्स भेजी हैं। एटीएस ने आरोपी आदर्श कुमार उर्फ लकी को आगरा में उसके गांव कागारौल थाने के गांव चीतपुर से दबोचा है। उसकी 22 दिन पहले ही शादी हुई थी। वह हनीमून मनाने दुबई गया था। 3 दिन पहले ही वहां से लौटा था। लांस नायक ने अपने बैंक खाते से आईएसआई एजेंट को पैसे भी ट्रांसफर किए थे। इसकी पुष्टि उसके पास मिले दस्तावेजों से हुई है। लांस नायक आदर्श कुमार की तैनाती कोच्चि (केरल) में दक्षिणी नेवल कमांड में थी। एटीएस को काफी समय से सूचना मिल रही थी कि आदर्श पाकिस्तानी एजेंसी आईएसआई को भारत से जुड़ी अहम जानकारियां भेज रहा है। एटीएस ने लकी को उसके गांव से पकडक़र पूछताछ की। इसमें पुष्टि हुई कि उसने बेहद संवेदनशील सूचनाएं साझा कीं। इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स की भी जांच की गई, जिसमें उसके जासूस होने की पुष्टि हुई। एटीएस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आगरा कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया गया। एजेंसियां अब यह जांच कर रही हैं कि कहीं इस जासूसी नेटवर्क में और लोग तो शामिल नहीं हैं।

## आसाराम ने किया रामलला के दर्शन

अयोध्या (एजेंसी)। अयोध्या पहुंचे नाबालिग से रेप केस में सजायफ्ता आसाराम ने बुधवार को रामलला का दर्शन किया। 3 वाहनों का काफिला आदि शंकराचार्य द्वार से राम मंदिर के अंदर पहुंचा। उसे विशिष्ट मेहमान की तरह रामलला का दर्शन कराया गया। हनुमानगढ़ी की सीढिय़ां अधिक होने के कारण वे वहां दर्शन करने नहीं जा सका। राममंदिर निर्माण के प्रभारी गोपाल जी ने आसराम को राम मंदिर के बारे में बताया। मंदिर निर्माण की जानकारी दी। आसाराम ने करीब 10 मिनट तक रामलला का दर्शन किया। इस दौरान रामलला की मोहिनी सूरत को अपलक निहारता रहा। मंदिर के सोने के दरवाजों और दीवारों पर उकेरी गई कलाकृतियों सहित मंदिर की भव्यता को निहारा। करीब 30 मिनट तक राममंदिर में बिताने के लक्ष्मण किला वापस आ गया। अयोध्या के बाद उसका अगला पड़ाव क्या होगा, इसकी जानकारी देने से सेवादार बच रहे हैं।

## नक्सलियों के डंप से सबसे बड़ी बरामदगी, 3.61 करोड़ कैश और एक किलो सोना मिला

जगदलपुर (एजेंसी)। बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर में बुधवार को नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता मिली। दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के 108 नक्सली कैडरों ने आत्मसमर्पण किया। इनमें 44 महिला और 64 पुरुष नक्सली शामिल हैं, जिन पर 3.29 करोड़ रुपये का इनाम घोषित था। इस दौरान नक्सलियों द्वारा जमा किए गए हथियारों और अन्य सामग्री की प्रदर्शनी लगाई गई। अधिकारियों ने 101 घातक हथियार बरामद होने की जानकारी दी। इन हथियारों में एके 47, इंसास, एलएमजी और बीजीएल शामिल थे। नक्सल इतिहास में पहली बार 3.61 करोड़ रुपये नकद और 1.64 करोड़ रुपये मूल्य का एक किलो सोना बरामद किया गया। इसे अब तक के नक्सल विरोधी अभियानों में सबसे बड़ी डंप बरामदगी माना जा रहा है। यह सभी सामग्री बस्तर रेंज के विभिन्न जिलों से बरामद की गई थी। इनमें बीजापुर, दंतेवाड़ा, सुकमा, नारायणपुर, कांकेर, कोंडागांव और बस्तर जिले शामिल हैं। बरामद किए गए सभी डंप और सामग्री को सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया गया। यह प्रदर्शन जगदलपुर स्थित रेंज मुख्यालय में आयोजित आत्मसमर्पण कार्यक्रम के दौरान हुआ। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह सामग्री अलग-अलग अभियानों में मिली थी। इसमें 101 घातक हथियार और बड़ी मात्रा में नकदी व सोना शामिल था।

## युद्ध के बीच कतर में फंसे 1,000 भारतीयों की हुई सुरक्षित भारत वापसी

नई दिल्ली (एजेंसी)। पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष और तनाव के बीच, कतर में फंसे भारतीय नागरिकों को लेकर राहत की खबर है। भारतीय दूतावास के प्रयासों और कतर एयरवेज के सहयोग से करीब एक हजार भारतीय नागरिकों को सुरक्षित भारत लाया गया। दूतावास की तरफ से एक्स पर पोस्ट में यह जानकारी दी। दूतावास ने कहा कि मंगलवार को कतर एयरवेज की उड़ानों से लगभग 1,000 भारतीय यात्री नई दिल्ली, मुंबई और कोच्चि पहुंचे। दूतावास ने फ्मानवीय आधार पर मामलों को प्राथमिकता देनेफ् के लिए एयरलाइन को धन्यवाद दिया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कतर एयरवेज की एक उड़ान बुधवार को नई दिल्ली के लिए तय है। दूतावास ने कहा कि वह 96 घंटे की वैधता वाले अस्थायी पारगमन वीजा पर सलवा सीमा के रास्ते सऊदी अरब जाने वाले भारतीय नागरिकों की यात्रा को सुगम बनाना जारी रखे हुए है। दूतावास ने बताया कि कतर में फंसी भारतीय बास्केटबॉल टीम सऊदी अरब से उड़ान भरकर भारत पहुंची। पश्चिम एशिया में अस्थिरता के कारण कई भारतीय नागरिक यात्रा संबंधी बाधाओं का सामना कर रहे थे। भारतीय विदेश मंत्रालय और दूतावास की त्वरित सक्रियता ने यह तय किया है कि संकट में फंसे नागरिकों को प्राथमिकता के आधार पर निकाला जाए। इस पहल से उन परिवारों ने बड़ी राहत की सांस ली है, जिनके परिजन वहां फंसे हुए थे।

## गुरुग्राम में मिट्टी धंसने से हुई सात मजदूरों की मौत की जांच की मांग

गुरुग्राम (एजेंसी)। गुरुग्राम में मिट्टी धंसने से सात मजदूरों की मौत के मामले को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश यादव ने राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग से मामले की जांच की मांग की है। शिकायत में बताया गया है कि गुरुग्राम के बिलासपुर थाना क्षेत्र के सिधरावली गांव में स्थित सिग्नेचर ग्लोबल के निर्माणाधीन प्रोजेक्ट में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए चल रही खुदाई के दौरान बेसमेंट में अचानक मिट्टी धंसने से हादसा हो गया था। इस दुर्घटना में सात मजदूरों की मौत हो गई, जबकि चार गंभीर रूप से घायल हुए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश यादव ने आयोग को भेजी शिकायत में कहा है कि करीब 60 फीट गहरे बेसमेंट में मजदूर काम कर रहे थे, लेकिन निर्माण स्थल पर पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं थे। सुरक्षा मानकों की अनदेखी और लापरवाही के कारण मजदूरों की जान गई है, जो मानव अधिकारों का गंभीर उल्लंघन है। उन्होंने आयोग से मांग की है कि पूरे मामले की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच करवाई जाए, हादसे के लिए जिम्मेदार बिल्डर, ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और मृतकों के स्वजन को उचित मुआवजा और घायल मजदूरों के समुचित उपचार की व्यवस्था तय की जाए।

# केंद्रीय मंत्री का दावा बोले- घबराने की जरुरत नहीं है हमारे पास ईंधन के पर्याप्त और पुख्ता इंतजाम



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम एशिया में जारी भीषण युद्ध और वैश्विक ऊर्जा बाजारों में बढ़ती अनिश्चितता के बावजूद, केंद्र सरकार ने देशवासियों को आश्वस्त किया है कि भारत में ईंधन की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने संभावित सप्लाई बाधाओं को लेकर चिंताओं को दूर करते हुए स्पष्ट किया कि सरकार मौजूदा अंतरराष्ट्रीय स्थिति पर पैनी नजर बनाए हुए है। उन्होंने तिरुचिरापल्ली में मीडिया से बात करते हुए कहा कि घरेलू आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित रखने के लिए संबंधित विभाग लगातार वैश्विक घटनाक्रमों की समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि ईंधन की बिल्कुल भी कमी नहीं है और स्थिति की बहुत बारीकी से निगरानी की जा रही है।

इसी क्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने भी कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की उपलब्धता को लेकर होटल और रेस्टोरेंट संचालकों से धैर्य बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने स्वीकार किया कि युद्ध के कारण वैश्विक सप्लाई चेन प्रभावित हुई है, क्योंकि भारत अपनी तेल आवश्यकता का लगभग 80-90प्रतिशत हिस्सा मध्य पूर्व के देशों से आयात करता है। उन्होंने बताया कि इस संकट के समाधान के लिए पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी से चर्चा की गई है और सरकार व्यवसायों पर पड़ने वाले प्रभाव को कम करने के लिए सक्रिय है। साथ ही, युद्ध प्रभावित क्षेत्रों में फंसे भारतीयों को सुरक्षित वापस लाने के प्रयास भी तेज कर दिए गए हैं।

बाजार को स्थिर करने के लिए केंद्र सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू कर दिया है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने रिफाइनरियों को निर्देश दिया है कि वे एलपीजी उत्पादन को अधिकतम करें और प्रमुख हाइड्रोकार्बन को एलपीजी पूल की ओर मोड़ें। नई व्यवस्था के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। घरों के लिए पाइप्ड नेचुरल गैस और वाहनों के लिए सीएनजी की 100 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। वहीं, औद्योगिक क्षेत्रों को उनकी औसत खपत का 80 पश्चिम एशिया में जारी भीषण युद्ध और वैश्विक ऊर्जा बाजारों में बढ़ती अनिश्चितता और उर्वरक संयंत्रों को 70 पश्चिम एशिया में जारी भीषण युद्ध और वैश्विक ऊर्जा बाजारों में बढ़ती अनिश्चितता हिस्सा आवंटित किया जा रहा है। आपूर्ति संतुलन बनाए रखने के लिए रिफाइनरियों की गैस आपूर्ति में 35 प्रतिशत की कटौती की गई है। यह सुरक्षात्मक कदम ऐसे समय में उठाए गए हैं जब होर्मुज जलडमरूमध्य में बाधाओं के कारण लॉजिस्टिक चुनौतियां बढ़ गई हैं। भारत का करीब 30 प्रतिशत प्राकृतिक गैस आयात इसी मार्ग से होता है, जहां युद्ध के कारण जोखिम बढ़ गया है। हालांकि, जमीनी स्तर पर छोटे खाद्य व्यवसायी अभी भी कमर्शियल सिलेंडरों की उपलब्धता को लेकर चिंतित हैं। वैश्विक स्तर पर स्थिति इसलिए गंभीर है क्योंकि होर्मुज जलडमरूमध्य से दुनिया के कुल तेल व्यापार का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा गुजरता है। सरकार अब अल्पावधि की कमी को दूर करने के लिए वैकल्पिक व्यापार मार्गों की तलाश कर रही है ताकि ऊर्जा सुरक्षा अक्षुण्ण रहे।

## 524 गैस सिलेंडरों से भरा ट्रक ले उड़े चोर, हाईवे किनारे खाली मिला ट्रक

**-ट्रक मालिक ने रिपोर्ट कराई दर्ज, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस**

झांसी (एजेंसी)। यूपी के झांसी में इन दिनों इजराइल-अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे युद्ध का असर प्रत्यक्ष रूप से दिखने लगा है। यहां एलपीजी और पेट्रोलियम की कमी देखने को मिल रही है। एलपीजी गैस की भारी कमी के बीच झांसी से एक अजब गजब मामला सामने आया, जिसमें हाईवे के किनारे खड़ी एक ट्रक में रखे गए 524 गैस सिलेंडर चोरी हो गए, जिसकी खबर सामने आते ही सनसनी फैल गई। इस मामले को लेकर ट्रक मालिक ने रिपोर्ट भी दर्ज कराई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यूपी का झांसी जिला 524 सिलेंडर गायब होने के चलते चर्चा में आ गया सिलेंडर की कुल कीमत करीग 18 लाख रुपए बताई जा रही है। सिलेंडर गायब होने के कुछ दिन बाद या ट्रक हाईवे के किनारे खाली मिला इस मामले को लेकर पुलिस तहकीकत कर रही है। अभी तक जो जानकारी सामने आई है उसमें यह ट्रक भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन के करी प्लांट का बताया जा रहा है जो 2 मार्च को लिक्विड पेट्रोलियम गैस एलपीजी के 524 सिलेंडर लेकर कानपुर देहात जा रहा था। ट्रक ड्राइवर गाड़ी में सिलेंडर लगने के बाद त्यौहार मनाने होली पर घर चला गया। इसी दौरान अज्ञात बदमाशों ने सिलेंडरों से भरा ट्रक ही चोरी कर लिया। रिपोर्ट के मुताबिक जब जीपीएस से लोकेशन को ट्रैक किया गया तब इसकी जानकारी लगी जीपीएस के लोकेशन पर ट्रक मालिक मौके पर पहुंचे तो पाया कि गाड़ी परीक्षा थर्मल पावर प्लांट के पास हाईवे के किनारे खड़ी थी, जिसमें से सभी सिलेंडर गायब थे वही चोरों ने ट्रक में लगे ट्रैकिंग डिवाइस को भी तोड़ दिया था, जिससे इसको ट्रैक करना मुश्किल हो गया था। वहीं सीसीटीवी के फुटेज और तकनीक साक्ष्यों के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं अधिकारियों का कहना है कि इस घटना को लेकर जल्द ही बदमाशों की पहचान कर खुलासा कर दिया जाएगा। अजब गजब मामला तब हुआ है जब एलपीजी गैस सिलेंडर को लेकर चारों तरफ अपरा तफरी मची है।

## आजम खां और उनके बेटे से जुड़े दो पैन कार्ड मामले में अंतिम सुनवाई 16 को

**रामपुर (एजेंसी)।** उत्तरप्रदेश के रामपुर में आजम खां और उनके बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम खान के खिलाफ दो पैन कार्ड मामले में चल रही अपील पर महत्वपूर्ण सुनवाई हुई। एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट (सेशन ट्रायल) में दोनों पक्षों की बहस पूरी हो गई है। अदालत ने अपीलकर्ता पक्ष को अपना पक्ष रखने का अंतिम अवसर देकर मामले की अगली सुनवाई 16 मार्च तय की है।

यह मामला वर्ष 2019 में आकाश सक्सेना (भाजपा विधायक) की शिकायत पर रामपुर की सिविल लाइंस कोतवाली में दर्ज हुआ था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि आजम खां ने अपने बेटे अब्दुल्ला के लिए अलग-अलग जन्मतिथि के आधार पर दो पैन कार्ड बनवाए और उनका इस्तेमाल किया। पुलिस ने जांच पूरी कर पिता-पुत्र के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के बाद 17 अक्टूबर 2025 को एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट (मजिस्ट्रेट ट्रायल) ने आजम और अब्दुल्ला को दोषी ठहराते हुए सात-सात साल के कारावास की सजा सुनाई थी। सजा के खिलाफ दोनों ने सेशन ट्रायल कोर्ट में अलग-अलग अपील दाखिल की थी और साथ ही जमानत याचिका भी दी थी। इन अपीलों पर संयुक्त रूप से सुनवाई चल रही है। पहले अपीलकर्ता पक्ष के अधिवक्ताओं ने अपनी दलीलें रखीं, जिसके बाद अभियोजन पक्ष ने अपनी बहस पूरी कर ली।

वहीं दूसरी ओर आजम खां के खिलाफ गवाह को धमकाने के एक अन्य मामले में मंगलवार को सुनवाई नहीं हो सकी। यह मामला मुहल्ला बेरियान निवासी नन्हे की शिकायत पर 17 अगस्त 2022 को शहर कोतवाली में दर्ज किया गया था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि डूंगरपुर प्रकरण में गवाही देने से रोकने के लिए कुछ लोगों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने जांच के बाद आजम खां समेत अन्य आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर दिया है। यह मामला भी एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट (सेशन ट्रायल) में विचाराधीन है, जिसमें आरोप तय हो चुके हैं और अभियोजन पक्ष की ओर से गवाहों की गवाही कराई जा रही है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 24 मार्च को होगी।

# पीएम मोदी का कोई राज तो ट्रंप के पास है, जिसकी वजह से वह गुलाम बने हुए हैं

**–केजरीवाल ने एलपीजी गैस की किल्लत को लेकर केंद्र सरकार पर बोला हमला**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने एलपीजी गैस की किल्लत को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला। केजरीवाल ने पीएम मोदी को निशाने पर लेते हुए उन्हें ट्रंप का गुलाम तक बताया दिया। आप के राष्ट्रीय संयोजक ने आरोप लगाया कि पीएम मोदी का कोई राज ट्रंप के पास है जिसकी वजह से वह देश को बर्बाद कर रहे हैं। केजरीवाल ने कहा कि पीएम मोदी ने युद्ध में अमेरिका और इजराइल का पक्ष लिया और ईरान को दुश्मन बना लिया है, इसी वजह से यह संकट पैदा हुआ है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को एलपीजी संकट पर सरकार की विदेश नीति की आलोचना की। उन्होंने गैस आपूर्ति में कमी के लिए पीएम मोदी को सीधे जिम्मेदार ठहराया और कहा कि इससे एक करोड़ लोगों का रोजगार जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस वक्त देश बहुत गंभीर संकट से गुजर रहा है। पूरे देश में एलपीजी गैस की भारी किल्लत है। इसका कारण है कि देशभर में जितना उत्पादन होता है उसमें से 50 फीसदी कम हो गई है। 60 फीसदी गैस देश में आयात होता है और इसमें से 90 फीसदी स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से आता था, जो युद्ध की वजह से बंद कर दिया गया है। केजरीवाल ने कहा कि ईरान रूस और चीन जैसे दोस्तों को यहां से गुजरने की इजाजत दे रहा है, लेकिन भारत को नहीं।

केजरीवाल ने मुंबई, तमिलनाडु, दिल्ली-एनसीआर, बिहार, राजस्थान आदि का नाम लेते हुए कहा कि हजारों होटल बंद हो गए हैं और आने वाले दिनों और ज्यादा बंद हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि गुजरात के मोरबी में ही टाइल्स कारोबार से जुड़े एक लाख लोग बेरोजगार हो चुके हैं और देश में तुरंत एक करोड़ से ज्यादा लोगों को बेरोजगार होने की संभावना है। पूर्व सीएम ने कहा कि 75 साल से भारत की विदेश नीति गुटनिरपेक्षता की थी जिसे पीएम मोदी ने ध्वस्त कर दिया है। केजरीवाल ने कहा कि युद्ध शुरू होने से एक दिन पहले उन्हें इजराइल जाने की क्या जरूरत थी। उन्होंने पूरे देश को संकट में डाल दिया है। वह ऐसा क्यों कर रहे हैं यह समझ से परे हैं। भारत हमेशा से गुटनिरपेक्षता का पक्षधर था। ईरान जो हमारा पुराना दोस्त था उसे हमने अपना दुश्मन बना लिया है।

केजरीवाल ने आरोप लगाते हुए कहा कि मुझे ये शब्द इस्तेमाल करने में बहुत शर्म महसूस हो रही है, प्रधानमंत्री जी ट्रंप के गुलाम बने हुए हैं। 140 करोड़ लोगों के महान देश को पीएम मोदी ने अमेरिका की कॉलोनी बना दिया है। अंग्रेजों ने इसलिए कब्जा कर लिया क्योंकि उस समय के राजा कमजोर थे, उन्हें ब्लैकमेल किया जा सकता था। उन्हें खरीदा जा सकता था। आज अमेरिका ने हमारे देश पर कब्जा कर लिया है, क्योंकि पीएम कमजोर हैं। उसको ब्लैकमेल किया जा रहा है। उसको क्यों



ब्लैकमेल किया जा रहा है। एक एक देशवासी का खून खौल रहा है जिस तरह अमेरिका के राष्ट्रपति से छोटे कर्मचारी तक हमारे प्रधानमंत्री का मजाक उड़ा रहे हैं। हमारा यही कसूर है कि हमारा प्रधानमंत्री कमजोर है।

केजरीवाल ने कहा कि ट्रंप ने कहा है कि कॉटन ड्यूटी हटा लो पीएम मोदी ने कहा जी हुजूर। ट्रंप ने कहा कि रूस से तेल मत खरीदो-मोदी ने कहा जी हुजूर। इससे देश को 8 लाख करोड़ का नुकसान हुआ। ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी सामान पर जीरो ड्यूटी होगी।

# बदरीनाथ-केदारनाथ धाम में गैर सनातनी के प्रवेश पर रोक

**मंदिर समिति ने प्रस्ताव को दी मंजूरी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तराखंड के बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में इस वर्ष से गैर सनातनी का प्रवेश वर्जित रहेगा। मंदिर समिति के एक पदाधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई बोर्ड बैठक में इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी गई। अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने बताया कि यह फैसला अगले महीने शुरू हो रही यात्रा से लागू होगा और अब गैर सनातनी, मंदिर परिसरों और गर्भगृहों में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। इससे पहले उन्होंने कहा था कि गैर हिंदुओं के प्रवेश पर रोक की व्यवस्था आदि शंकराचार्य के समय से ही है और भारतीय संविधान भी धार्मिक स्थलों के प्रबंधन का अधिकार देता है।



### गंगोत्री धाम में प्रतिबंध

उत्तराखंड के गंगोत्री धाम में भी गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। श्री गंगोत्री मंदिर समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया था। यह प्रतिबंध न केवल गंगोत्री धाम पर बल्कि मां गंगा के शीतकालीन निवास मुखबा पर भी लागू होगा। श्री गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष सुरेश सेमवाल ने इस फैसले के बारे में जानकारी देते हुए कहा था कि धाम में गैर-हिंदुओं का प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। यह प्रतिबंध देवी के शीतकालीन निवास मुखबा पर भी लागू रहेगा। इसके अतिरिक्त, उत्तराखंड सरकार हरिद्वार के 120 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले 105 घाटों में गैर-हिंदुओं के प्रवेश को प्रतिबंधित करने पर विचार कर रही है। यह कदम कुछ संतों और गंगा सभा के अनुरोधों के जवाब में उठाया जा रहा है। राज्य सरकार कथित तौर पर हरिद्वार और ऋषिकेश दोनों को सनातन पवित्र शहर (पवित्र नगर) घोषित करने की योजना बना रही है।

## गौ प्रतिष्ठा धर्म युद्ध का शंखनाद: गाय को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने के लिए आंदोलन शुरू

**लखनऊ (एजेंसी)।** उप्र की राजधानी लखनऊ में गौ प्रतिष्ठा धर्म युद्ध का औपचारिक शंखनाद होने जा रहा है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद विजय मुहूर्त में गौमय गणेश की पूजा-अर्चना और गौ प्रतिष्ठा ध्वज की स्थापना के साथ अपने इस बड़े आंदोलन का आगाज करेंगे। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य गाय को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाना और उनसे जुड़ी धार्मिक भावनाओं को संवैधानिक सम्मान दिलाना है।



जिला प्रशासन ने शहर की शांति व्यवस्था और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस सभा के लिए हरी झंडी तो दे दी है, लेकिन इसके साथ 26 सख्त शर्तें भी लागू की हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कार्यक्रम के दौरान किसी भी धर्म, जाति या भाषा के विरुद्ध भड़काऊ भाषण देना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। आयोजक बिना पूर्व अनुमति के कोई भी जुलूस या शोभा यात्रा नहीं निकाल सकेंगे। इसके अतिरिक्त, ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के मानकों का पालन अनिवार्य किया गया है, जिसके तहत रात 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर का उपयोग नहीं होगा और ध्वनि का स्तर 75 डेसीबल से अधिक नहीं रखा जा सकेगा।

यह आयोजन ऐसे समय में हो रहा है जब स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद हालिया विवादों के घेरे में हैं। उन पर गंभीर व्यक्तिगत आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई है, हालांकि वर्तमान में हाईकोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा रखी है। इस बीच स्वामी ने एक वीडियो संदेश जारी कर अपने समर्थकों से आह्वान किया है कि जो लोग लखनऊ नहीं पहुंच सकते, वे दोपहर ढाई बजे ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर अपने घरों में शंखनाद करें। उन्होंने भावुक अपील करते हुए कहा कि गौ माता के प्रति आस्था रखने वाले हर व्यक्ति का इस आंदोलन में स्वागत है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के बीच आयोजन स्थल पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रशासन ने यह शर्त भी रखी है कि पंडाल के भीतर सुरक्षा और पुलिस बल का खर्च आयोजकों को वहन करना होगा। किसी भी शर्त के उल्लंघन की स्थिति में अनुमति तुरंत रद्द करने की चेतावनी दी गई है।

# असम में आर्थिक रुप से कमजोर महिलाओं के खातों में सीएम सरमा ने ट्रांसफर किए 9-9 हजार रुपए



**–विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले बीजेपी ने कर दिया खेला**

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम में विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले राज्य सरकार ने करीब 40 लाख आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं के खातों में ओरुनोदोई योजना के तहत 9-9 हजार रुपए ट्रांसफर किए गए हैं। चुनाव आचार संहिता लागू होने से पहले इस योजना के तहत किया गया यह बड़ा भुगतान माना जा रहा है। सरकार की ओर से दी गई यह राशि चार महीने की अग्रिम सहायता के रूप में जारी की गई है। योजना के तहत महिलाओं को हर महीने 1250 रुपए दिए जाते हैं। इस बार जनवरी, फरवरी, मार्च और अप्रैल की किस्त अग्रिम दी गई है। इसके साथ ही सरकार ने महिलाओं को 4,000 रुपए का विशेष बिहू बोनस भी दिया है, जिससे कुल मिलाकर प्रत्येक लाभार्थी के खाते में 9,000 रुपए ट्रांसफर किए गए हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने गुवाहाटी में आयोजित एक कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राज्य के करीब 3,800 गांव पंचायतों और स्वायत्त परिषद क्षेत्रों में आयोजित सभाओं से भी संवाद किया। उन्होंने कहा कि यदि बीजेपी को लगातार तीसरी बार जनादेश मिलता है तो राज्य में और बेहतर दिन आएंगे। सरमा ने कई नए वादे भी किए। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार बनने पर राज्य में दो लाख नौकरियां दी जाएंगी। साथ ही हर परिवार को हर महीने मुफ्त राशन के रूप में एक-एक किलो नमक, चीनी, दाल और सरसों का तेल और 500 ग्राम चाय भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए चल रही कल्याणकारी योजनाओं में आर्थिक सहायता बढ़ाई जाएगी और युवा उद्यमियों के लिए भी सहायता का दायरा बढ़ाया जाएगा।

विपक्ष की ओर से इस भुगतान को चुनाव से जोड़कर देखे जाने के आरोपों को खारिज करते हुए सीएम सरमा ने कहा कि ओरुनोदोई योजना की शुरुआत वर्ष 2020 में हुई थी और इसका चुनावी कैलेंडर से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने बताया कि योजना में लाभार्थियों का चयन सात पात्रता मानदंडों के आधार पर किया जाता है। इनमें विधवा, दिव्यांग महिलाएं, कैंसर रोगियों के परिवार, तलाकशुदा महिलाएं और संकटग्रस्त परिवार शामिल हैं।

सीएम सरमा ने कहा कि अगर यह चुनाव के लिए होता तो सभी को इसमें शामिल कर लिया जाता। यह मुफ्त की योजनाएं नहीं हैं। हम पिछले छह सालों से यह सहायता दे रहे हैं। हमारी चुनावी ताकत पीएम मोदी के नेतृत्व से आती है न कि इन योजनाओं से। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार की 'मुख्यमंत्री महिला उद्यमिता अभियान' योजना के तहत अब तक 28.6 लाख महिला उद्यमियों को 10-10 हजार रुपए की शुरुआती पूंजी दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि इस योजना के मॉडल को बिहार ने भी अपनाया और वहां विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत में यह एक अहम कारक माना गया है। बता दें पिछले कुछ चुनावों से तकरीबन हर राज्य में महिलाओं के लिए विशेष स्कीम लाई जा रही है।

# जिंदल के खिलाफ कलेक्ट्रेट पर सैकड़ों लोगों का प्रदर्शन, प्रबंधन पर डराने धमकाने तक के आरोप

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



शहर के उपनगरीय क्षेत्र पुर-समोडी-दरीबा में जिन्दल सॉ कम्पनी द्वारा राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड की हाईटेंशन लाईन को निजी खातेदारी एवं चारागाह भूमि में अवैध शिफ्टिंग को रोकने के संबंध में गुरूवार को कलेक्ट्रेट पर सहाड़ा रायपुर की व्यक्तियों ने प्रर्दशन किया गया। बताया गया है की ग्राम पुर एवं समोडी की सीमा पर पातोला तालाब व जिन्दल सॉ कम्पनी गेट नं 6 के नजदीक राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड की दो हाई टेंशन लाईन पिछले 40 वर्षों से निकली हुई है और वर्तमान में यह लाईनें जिन्दल सॉ कंम्पनी में से होकर पुर-समोडी-दरीबा गांव के चारागाह में से गुजर रही है। जिन्दल सॉ कम्पनी ने उक्त लाईनों को अपनी भूमि से बाहर शिफ्ट करने के लिए निजी ठेकेदार के माध्यम से क्षेत्रीय काश्तकारों को धमकाकर निजी खातेदारी भूमि एवं पुर-समोडी-दरीबा की चारागाह भूमि (ग्राम पुर के आ. न. 6727, 6748 व 6770) में टावर खड़े कर दिए है। उक्तानुसार अवैध शिफ्टिंग से क्षेत्र में बड़े-बड़े खड्डे एवं टिब्बे बन गए जो कि आमजन एवं मवेशियों के लिए जानलेवा है। चारागाह भूमि व निजी भूमि खराब होने तथा अवैध दबाव व धमकियों से क्षेत्रवासियों में रोष है। जिन्दल सॉ कम्पनी एवं निजी ठेकेदार द्वारा उक्त हाईटेंशन लाईन के नीचे आने वाले पुर, दरीबा एवं सम्मेडी गांव के किसानों तोताराम माली, बंशीलाल माली, नारायण लाल प्रजापति, श्रीमती नानी देवी प्रजापति, श्रीमती मांगी देवी प्रजापति, प्यारचंन्द माली, कन्हैयालाल प्रजापति, विनोद सेठिया, श्रीमती मीना अहीर, श्रीमती संजु पारीक, मदनलाल विश्नोई, लादूलाल विश्नोई, शंकरलाल विश्नोई, गोपाल विश्नोई आदि को अवैध लाईन शिफ्ट हेतु धमकाया जा रहा है एवं इधर-उधर से अवैधानिक दबाव बनाया जा रहा है। जिन्दल सॉ कंपनी एवं ठेकेदार ने निजी भूमि में लाईन शिफ्टिंग से असहमत होकर विरोध करने पर ऐसे कई किसानों के बैंक खातों की जानकारी अवैध रूप से प्राप्त कर ली है और बिना सहमति के ही उनमें राशि हस्तांतरित कर दी, जिसकी न तो काश्तकारों को कोई जानकारी दी और न ही सहमति ली। उक्त काश्तकारों में से कुछ ने ऐसे अवैध ट्राजेंक्शन के लिए बैंक में शिकायत की है। उधर दुसरी और स्थानीय राजस्थान ग्रामीण बैंक प्रबन्धक को बैंक खाते में संदिग्ध लेनदेन के संबंध में शिकायत दी गई है, जिसमें बताया गया है की बैंक शाखा में बचत खाता 21295022339 संचालित है। जिसमे दिनांक 19.12.2025 को राशि रूपये 226660 जमा किए गए है। इस ट्रांजेक्शन से संबंधित सेंडर की कोई भी जानकारी मुझे नहीं है अतः संभवत यह राशि गलती से मुझे भिजवाई गई है अथवा साईबर फ्रॉड से संबंधित हो सकती है। अतः निवेदन है कि कृपया उक्त राशि को पुनः संबंधित खाते में रिवर्ट करावें अथवा यथोचित कानूनी कार्यवाही करावें। उक्त प्रकरण के संबंध में एक रिपोर्ट पुर थानाधिकारी को भी दी गई है, जिसमें 220 के वी पाली बामन का टुकड़ा लाइन के शिफ्टिंग कार्य के दौरान हुई मारपीट व राजकार्य में व्यवधान की प्राथमिकी दर्ज करवाने की बात कही गई है। बताया गया है की उक्त सन्दर्भ में प्राप्त पत्र दिनांक 10.06.2025 मेसर्स नवदुर्गा इलेक्ट्रो कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड जयपुर 220 के वी पाली वामन का टुकड़ा लाइन के शिफ्टिंग कार्य ठेकदार मेसर्स नवदुर्गा इलेक्ट्रोकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड जयपुर द्वारा किया जा रहा है जो कि राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड के पर्यवेक्षण में हो रहा है। ठेकेदार से प्राप्त पत्र के अनुसार दिनांक 08.06.2025 को 220 के.वी. द्वि परिपथिय बामन का टुकड़ा पाली लाइन कि लोकेशन संख्या 06 जो कि चरनोट भूमि में टावर को खड़ा करने का कार्य किया जा रहा था। करीब 10:00 बजे पास के खेत मालिक भेरूलाल पारीक, बद्रीलाल अहीर तथा उसके सहयोगी बद्रीलाल व अन्य एक साथी द्वारा मजदूरों के साथ मारपीट कि गयी तथा जान से मारने की धमकी दी गयी और कार्य को बलपूर्वक बन्द करा दिया। जिससे राजकार्य में बाधा उत्पन्न हुई है। अतः उक्त स्थिति को देखते ठेकेदार व मजदूरों द्वारा कार्य करना सम्भव नहीं हो पा रहा है तथा मजदूरों की जान-माल हानि की संभावना है। इस प्रकरण में उचित कार्यवाही कर कार्य में व्यवधान करने वाले खेत मालिको को पाबंद करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराने की बात कही।

# जनसुनवाई में उठी कई अहम समस्याएं, कलेक्टर ने दिए निस्तारण के निर्देश

स्मार्ट हलचल



**जहाजपुर।** उपखंड स्तरीय जनसुनवाई में आमजन ने अपनी विभिन्न समस्याएं जिला कलेक्टर के समक्ष रखीं, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए। जनसुनवाई के दौरान क्षेत्र से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे सामने आए।

जनसुनवाई में नागरिकों ने राष्ट्रीय राजमार्ग 148ष्ठ को जहाजपुर की घनी आबादी से बाहर कर बायपास निर्माण की मांग उठाई। लोगों ने बताया कि यह राजमार्ग उनियारा से गुलाबपुरा को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग है और वर्तमान में यह जहाजपुर के मुख्य बाजार व घनी आबादी के बीच से गुजर रहा है। यहां से दिन-रात भारी मशीनरी, ट्रक और ट्रेलर गुजरते हैं, जिससे यातायात का अत्यधिक दबाव बना रहता है। नागरिकों ने बताया कि आबादी क्षेत्र में सड़क की चौड़ाई सीमित होने के कारण भारी वाहनों और पैदल चलने वालों के बीच संतुलन नहीं बन पाता, जिससे पिछले कुछ वर्षों में कई गंभीर दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। जाम की स्थिति के कारण एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड जैसी आपातकालीन सेवाएं भी कई बार फंस जाती हैं, जिससे जान-माल का खतरा बना रहता है। साथ ही भारी वाहनों के कंपन से सड़क किनारे बने पुराने मकानों में दरारें आ रही हैं तथा धूल और शोर के कारण बच्चों व बुजुर्गों में श्वसन व मानसिक तनाव से जुड़ी समस्याएं बढ़ रही हैं।

जनसुनवाई में बनास नदी के पास होने के बावजूद क्षेत्र में बजरी नहीं मिलने का मुद्दा भी जोर-शोर से उठाया गया। इस संबंध में विधायक गोपीचंद मीणा ने बताया कि बजरी की उपलब्धता नहीं होने के कारण लगभग 15 हजार आवासीय मकान सहित कई सरकारी निर्माण कार्य लंबित पड़े हैं। इस पर जिला कलेक्टर ने कहा कि पुलिस अधीक्षक और खनन विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर समस्या का समाधान किया जाएगा।

इसी दौरान ऊंचा ग्राम पंचायत के प्रशासक द्वारा श्मशान भूमि पर कब्जा कर दुकानें बनाने का मामला भी सामने आया। इस पर जिला कलेक्टर ने विकास अधिकारी को धारा 38 के तहत जांच करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान व्यापारी कमल बांगड़ ने जहाजपुर में अतिरिक्त जिला कलेक्टर कैम्प कोर्ट खोलने की मांग भी रखी, ताकि स्थानीय लोगों को प्रशासनिक कार्यों में सुविधा मिल सके।

किसानों ने खातेदारी भूमि तक जाने वाले रास्तों पर अवरोध की शिकायत भी रखी। इस पर जिला कलेक्टर ने तहसीलदार को तुरंत कार्रवाई कर दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में लगभग 70 वर्ष के एक बुजुर्ग भी पहुंचे, जिन्होंने बताया कि उनके परिजन उनके साथ मारपीट करते हैं और उन्हें खाना-पानी भी नहीं देते। बुजुर्ग ने यह भी कहा कि उनके नाम की जमीन पर भी परिजनों ने कब्जा कर रखा है। इस पर जिला कलेक्टर ने उपखंड अधिकारी को निर्देश दिए कि बुजुर्ग की खातेदारी जमीन उन्हें उनके कब्जे में दिलाई जाए।

ग्राम पण्डेर से आए ग्रामीणों ने शिकायत की कि ग्राम पंचायत में ग्राम विकास अधिकारी नियमित रूप से नहीं पहुंचते, जिससे स्वच्छता सहित रोजमर्रा के कार्य बाधित हो रहे हैं। इस पर जिला कलेक्टर संधू ने विकास अधिकारी जहाजपुर से वास्तविक स्थिति की जानकारी लेकर ग्राम विकास अधिकारी को तुरंत पंचायत में उपस्थत होकर कार्य व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारी को चार्जशीट भी दी जाएगी। इसके अलावा चरागाह भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई के निर्देश तहसीलदार को दिए गए।

# रसोई गैस की समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करने की मांग, 25 दिन का राइडर बन रहा परेशानी का कारण

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

प्रदेश में रसोई गैस की डिलीवरी में हो रही देरी पर आम जनता गहरी चिंता में है यदि सरकार के अनुसार राज्य में रसोई गैस का कोई संकट नहीं है, तो उपभोक्ताओं को बुकिंग के बाद भी समय पर गैस सिलेंडर क्यों नहीं मिल रहा। इस स्थिति से आम उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पहले उपभोक्ताओं को ऑनलाइन बुकिंग के बाद उसी दिन या अगले दिन घर पर गैस सिलेंडर की डिलीवरी मिल जाती थी, लेकिन वर्तमान में कई स्थानों पर उपभोक्ताओं को अपने खाली सिलेंडर लेकर गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है। इससे विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों और कामकाजी परिवारों को काफी कठिनाई हो रही है।सरकार द्वारा लागू किया गया 25 दिन का राइडर भी कई परिवारों के लिए बड़ी समस्या बन गया है। जिन परिवारों में प्रतिमाह दो सिलेंडर की आवश्यकता होती है, उनके लिए यह नियम घरेलू व्यवस्था को प्रभावित कर रहा है और उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ रहा है । कमर्शियल गैस सिलेंडरों की उपलब्धता प्रभावित होने से कई स्थानों पर होटल और रेस्टोरेंट संचालकों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे आम लोगों को भोजन व्यवस्था में परेशानी हो रही है और सामाजिक आयोजनों पर भी इसका असर देखने को मिल रहा है।

## जनता की मांग

आम जनता की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए रसोई गैस की नियमित और समय पर होम डिलीवरी सुनिश्चित की जाए तथा 25 दिन के राइडर के नियम पर पुनर्विचार किया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। रसोई गैस आज हर घर की एक आवश्यक जरूरत बन चुकी है, इसलिए इसकी सुचारू आपूर्ति और वितरण व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। जनहित के इस मुद्दे पर शीघ्र समाधान निकालना समय की आवश्यकता है।

# गैस सिलेंडर ब्लास्ट से उजड़ा घर, पीड़ित परिवार ने लगाई गुहार



स्मार्ट हलचल | पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र में बीते दिनों गैस सिलेंडर फटने के बाद पीड़ित परिवार ने समाजजनों के साथ मिलकर जिला कलेक्टर से न्याय के गुहार लगाई है। इस दौरान उन्होंने जिला कलेक्टर और 1रसद विभाग अधिकारी को ज्ञापन दिया जिसमें उन्होंने गैस सिलेंडर ब्लास्ट से हुए नुकसान में मदद की गुहार लगाई है।

पीड़ित सत्यनारायण पुरोहित ने कहा कि 8 तारीख को सुबह में अपने परिवार के साथ शादी समारोह में गया था और इस दौरान मेरे पीछे से मेरे घर पर रात को इंडियन गैस सिलेंडर जो भरा हुआ था वह अचानक ब्लास्ट हो गया। जिसके कारण घर पर मुझे बहुत सारा नुकसान हुआ है। गनीमत रहीं की हम में से कोई घर पर नहीं था जिससे कोई जनहानि नहीं हुई है लेकिन मेरा पूरा मकान क्षतिग्रस्त हो गया है और बहुत नुकसान हुआ है इसलिए हम कलेक्ट्रेट कार्यालय पर पहुंचे हैं और रसद विभाग और कलेक्टर साहब से मिलकर मदद की गुहार ताकि हमारे घर पर जो नुकसान हुआ है उसकी मरम्मत के लिए आर्थिक सहायता के माध्यम से मदद मिल सके।

# ई-मित्र संचालक, यूडीसी और तहसीलदार गिरफ्तार, 60 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. इन्टे, अजमेर इकाई आसींद के निकट अंटाली में कार्यवाही करते हुये भ्रष्टाचार में लिप्त आरोपी हेमराज खटीक ई-मित्र संचालक, यूडीसी हनुमान कुमार और तहसीलदार गणेश कछावा को गिरफ्तार किया है । आरोपी ई मित्र संचालक ने परिवादी की फर्म द्वारा लीज पर ली गई भूमि की लीज डीड पंजीयन करने के एवज में तहसीलदार के नाम पर 60 हजार रु रिश्वत मांगी थी । रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्ता दिनांक 9, 10.03.2026 को परिवादी से तहसीलदार अण्टाली गणेश कच्छावा द्वारा ई-मित्र संचालक हेमराज खटीक के मार्फत रिश्वत राशि लेना तय किया तथा मांग के अनुसरण में गुरुवार को तहसीलदार गणेश कच्छावा एवं अन्य के कहे अनुसार आरोपी हेमराज खटीक द्वारा परिवादी से रिश्वत राशि 60000 रूपये प्राप्त कर अपनी टेबल की दराज में रखी , जहां से रिश्वत राशि बरामद हुई। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस गोविन्द गुप्ता ने बताया कि ए.सी.बी., इन्टे, अजमेर को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी अपनी फर्म की ग्राम जवानपुरा तहसील अंटाली जिला भीलवाड़ा में लीज पर ली गई जमीन की लीज डीड रजिस्ट्रेशन हेतु ई-मित्र संचालक हेमराज साहू से मिला तो उसने कहा कि इसके लिए तहसीलदार गणेश कच्छावा से मीटिंग करनी होगी। इसके बाद मैं पुनः ई-मित्र संचालक से मिला तो उसने कहा कि आपकी मीटिंग करवा देता हूँ तहसीलदार ने एक ए.सी. व प्रति बीघा 10000 रूपये के लिए बोला है। उनसे मिलकर आवेदन कर दो आपका काम जल्दी हो जाएगा।जिस पर महावीर सिंह राणावत, पुलिस अधीक्षक के सुपरवीजन में कंचन भाटी, निरीक्षक पुलिस, ए.सी.बी. इन्टे0, अजमेर द्वारा ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी हेमराज खटीक को रिश्वत राशि 60000 रूपये लेते रंगे हाथों पकड़ा गया । भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव के सुपरवीजन में आरोपीगण से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत मामला दर्ज कर अग्रिम जांच की जा रही है ।

नशे के काले साम्राज्य पर एएनटीएफ का वज्र प्रहार

# दो कार्रवाई में 22 किलो से ज्यादा अफीम बरामद, 5 तस्कर गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ लगातार दो बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 22 किलो 527 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम बरामद की है। कार्रवाई के दौरान पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि तस्करी में प्रयुक्त एक बोलेरो पिकअप और एक मोटरसाइकिल को भी जब्त किया गया है।





## पहली कार्रवाई में 22 किलो अफीम बरामद

जानकारी के अनुसार एएनटीएफ भीलवाड़ा को सूचना मिली थी कि एक बोलेरो पिकअप में तीन व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ लेकर चित्तौड़गढ़ की ओर से श्रीगंगानगर जा रहे हैं। सूचना के आधार पर टीम रायला थाना क्षेत्र में दिल्ली-मुंबई हाईवे पर पहुंची और नाकाबंदी शुरू की। इसी दौरान चित्तौड़गढ़ की ओर से आती एक संदिग्ध बोलेरो पिकअप को रुकवाकर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन से करीब 22 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम बरामद हुई। टीम ने वाहन में सवार तीन आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बोलेरो पिकअप (आरजे 31 जीबी 3173) को भी जब्त कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुभाष भूरिया (35) निवासी सुरतगढ़ जिला श्रीगंगानगर, मनफूल (26) निवासी रामसरा थाना महाजन जिला बीकानेर और कैलाश (20) निवासी सुरतगढ़ जिला श्रीगंगानगर के रूप में हुई है।

## दूसरी कार्रवाई में 527 ग्राम अफीम जब्त

एएनटीएफ को एक अन्य सूचना मिली कि दो व्यक्ति मोटरसाइकिल पर अफीम की तस्करी करने जा रहे हैं। इस पर टीम एनएच-48 पर कोठारी नदी के पास चौराहे पर पहुंची और आरोपियों को पकड़ने के लिए सड़क के दोनों ओर घेराबंदी कर छिपकर बैठ गई।

कुछ ही देर में संदिग्ध मोटरसाइकिल आते ही टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को दबोच लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से 527 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम बरामद हुई। पुलिस ने मोटरसाइकिल (आरजे 09 एस 9016) को भी जब्त कर लिया।

इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अबरार खान (25) निवासी शिवदानपुरा थाना भदेसर जिला चित्तौड़गढ़ और मुन्ना भाई (75) निवासी चिकारड़ा थाना डूंगला जिला चित्तौड़गढ़ के रूप में हुई है। पुलिस दोनों मामलों में आरोपियों से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि अफीम की खेप कहां से लाई गई थी और इसे कहां सप्लाई किया जाना था।

# धुएं के गुबार में घुट रही सांसें, जिला अस्पताल के पीछे कचरा जलाने से लोग परेशान

## नगर पालिका पर लापरवाही के आरोप, शिक्षण संस्थानों और मरीजों के स्वास्थ्य पर मंडराया खतरा

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा।** शाहपुरा के जिला अस्पताल के पीछे स्थित क्षेत्र इन दिनों धुएं के गुबार से जूझ रहा है। नगर पालिका द्वारा यहां लंबे समय से डाला जा रहा कचरा जब-तब आग के हवाले कर दिया जाता है, जिससे उठने वाला काला धुआं आसपास के इलाके में रहने वाले लोगों के लिए बड़ी मुसीबत बन गया है। हालात ऐसे हो गए हैं कि लोगों को सांस लेना तक मुश्किल हो रहा है और पूरा क्षेत्र दिनभर जहरीले धुएं की चपेट में रहता है।

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि नगर पालिका के कर्मचारी शहर भर से कचरा एकत्र कर जिला अस्पताल के पिछवाड़े लाकर डाल देते हैं। जब कचरे का ढेर अधिक हो जाता है तो उसे वहीं पर जला दिया जाता है। कचरा जलाने से उठने वाला घना धुआं आसपास के मोहल्लों, कॉलोनियों और संस्थानों तक फैल जाता है। इससे लोगों की सेहत पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है और बच्चों, बुजुर्गों तथा मरीजों के लिए स्थिति और भी गंभीर बन गई है।

इस क्षेत्र की खास बात यह है कि यहां आसपास कई महत्वपूर्ण संस्थान स्थित हैं। पास ही जैन नसियां मंदिर और शिव मंदिर जैसे धार्मिक स्थल हैं, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। इसके अलावा निजी क्षेत्र के आईपीएस स्कूल और इम्मानुएल स्कूल, सरकारी क्षेत्र का राउप्रावि कुंडगेट स्कूल, कन्या महाविद्यालय सहित चार कोचिंग संस्थान भी इसी मार्ग पर संचालित हो रहे हैं। वहीं दो रेस्टोरेंट, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी और नगर पालिका कॉलोनी में भी बड़ी संख्या में परिवार निवास कर रहे हैं। ऐसे में कचरा जलाने से उठने वाला धुआं सीधे तौर पर सैकड़ों लोगों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां कचरा डालने का कोई अधिकृत स्थान नहीं है, इसके बावजूद नगर पालिका कर्मचारी लगातार यहां कचरा डालते आ रहे हैं। दिन में कई बार कचरे के ढेर से धुआं उठता रहता है, जिससे पूरे इलाके में दुर्गंध और धुंध जैसा माहौल बन जाता है। नागरिकों का कहना है कि धुएं के कारण आंखों में जलन, गले में खराश और सांस लेने में तकलीफ जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। कई लोगों ने तो घरों की खिड़कियां बंद रखना शुरू कर दिया है ताकि धुआं अंदर न घुसे।

लोगों का यह भी आरोप है कि जिस कॉलोनी में वे रहते हैं वहां नियमित सफाई तक नहीं करवाई जाती, लेकिन शहर का कचरा उठाकर उनके ही इलाके में डाल दिया जाता है। इससे कॉलोनी की स्वच्छता और पर्यावरण दोनों प्रभावित हो रहे हैं।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस समस्या को लेकर पहले भी कई बार शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। नागरिकों ने कहा कि वर्तमान में नगर पालिका में एसडीओ प्रशासक के रूप में कार्यरत हैं, ऐसे में उनसे उम्मीद है कि वे इस गंभीर समस्या पर तुरंत ध्यान देंगे। नागरिकों ने मांग की है कि इस स्थान से कचरे के ढेर को अभियान चलाकर हटाया जाए और भविष्य में यहां कचरा डालने तथा जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को धुएं की इस समस्या से राहत मिल सके और उनका जीवन फिर से सामान्य हो सके।

# 15 मार्च से चना-सरसों पंजीयन, 25 मार्च से खरीद शुरू

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर चना एवं सरसो की खरीद के लिये, भीलवाड़ा, माण्डलगढ, गुलाबपुरा, रायपुर, आसीन्द, गंगापुर, माण्डल, शाहपुरा, जहाजपुर, बनेड़ा, कोटड़ी क्रय विक्रय सहकारी समितियों एवं बिजौलिया व काछोला उपकेन्द्र एवं ग्राम सेवा सहकारी समितियो में महुआ, सुरास, अंटाली, भगवानपुरा, सांगरियां, बच्छखेड़ा, खजुरी, शक्करगढ, उदलियास, कंकोलियाघाटी, बडलियास कुल 24 केन्द्रो पर दिनांक 15 मार्च 2026 से पंजीयन प्रारम्भ होगा तथा दिनांक 25 मार्च 2026 से खरीद प्रारम्भ कि जायेगी। सरकार द्वारा चना 5875 रूपये एवं सरसो 6200 रूपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है।

## आम सूचना

मैं राकेश कुमार सिन्हा पुत्र श्री यदुनंदन प्रसाद स्थायी पता ग्राम चुलिहारी, जिला नालंदा, बिहार का रहने वाला हूं और हर खास-ओ-आम को सूचित करता हूं कि मेरा पूरा नाम राकेश कुमार सिन्हा पुत्र श्री यदुनंदन प्रसाद है। किंतु कतिपय दस्तावेजों में मेरे नाम के साथ मेरा उपनाम (जाति) 'सिन्हा' नहीं लिखा जाकर केवल 'राकेश कुमार पुत्र श्री यदुनंदन प्रसाद' ही लिखा हुआ है।

उक्त दोनों प्रकार के नाम मेरे ही हैं तथा उक्त नामों से संबंधित समस्त दस्तावेज सही हैं और मेरे होकर मान्य हैं। भविष्य में मेरे नाम से संबंधित किसी प्रकार का कोई संशय न हो इसलिए यह आम सूचना मेरे द्वारा प्रकाशित कराई जा रही है।

राकेश कुमार सिन्हा पुत्र श्री यदुनंदन प्रसाद
वर्तमान निवासः डी-16, स्टाफ कॉलोनी,
RSWM LTD मंडपम,
चित्तौड़ रोड, भीलवाड़ा, राजस्थान

# राजीविका परियोजना में ट्रैक्टर खरीद में डालने का आरोप, अधिकारियों पर पद के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार का भी लगा दाग

स्मार्ट हलचल | राजेश जीनगर



जिला प्रशासन से मिलने पहुंची सीएलएफ अधिकारियों से मिलने का इंतजार करते हुए।

**भीलवाड़ा।** जिले में राजीविका (राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद) परियोजना के तहत सीएचसी योजना में ट्रैक्टर खरीद को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। जिसको लेकर गुरुवार को बड़ी संख्या में सीएलएफ द्वारा जिला प्रशासन को भी अवगत करवाया गया। राजीविका सीएलएफ सखी संगठन के संयोजक दिपक व्यास ने जिला प्रशासन को इस बारे में ज्ञापन भी सोंपा है। जिसमें बताया गया है की सीएलएफ पदाधिकारी और क्लस्टर टीम को जिला परियोजना द्वारा संदेश दिया गया और उनके अनुसार प्रथम मीटिंग हमारे साथ कृषि अधिकारी की मिलकर करवाई गई। जिसमें सीएलएफ द्वारा पॉलिसी अनुसार सीएलएफ कार्यकारिणी सहमति अनुसार के क्रय करने के लिए हमने उनको बताया था। जिला अनुसार उन्होंने प्रथम बार जिले पर टेंडर कर हमे ट्रैक्टर के टेंडर के लिए डॉक्यूमेंट खाली लेकर जिले पर टेंडर के दिन बुलाया गया जिसमें पहले से हमे कुछ पता नहीं था और हमे बोला ट्रैक्टर के टेंडर किए, सीएलएफ पदाधिकारी गए और उन्होंने सील साइन के साथ बुलाया और फिर बोल दिया कि हमने टेंडर निरस्त कर दिए तो पदाधिकारी वापिस लौट गये, सीएलएफ को इसके कोई दिशानिर्देश नहीं दिए कि टेन्डर क्यों निरस्त किये गये। कुछ दिनों बाद वापिस जिले से टेंडर किए और बोला कि डॉक्यूमेंट जिले से भेज रहे है। सीएलएफ से साइन कर के भेज दो और सीएलएफ ने साइन कर भेज दिए, इसके बारे में सीएलएफ को कुछ नहीं बताया। टेंडर जिला वालों ने डीपीएम नागेंद्र तोलंबिया और अकाउंटेंट गौरव के निर्देशानुसार हुए और हमे टेंडर के दिन नहीं सूचना की और खुद ने ही टेंडर को सील बंद किया और स्वयं के पास ही चाबी रखी गई और हमारी कोई कमेटी को सूचना नहीं की गई। अगले दिन बोला गया कि आपके 2 महिलाओं को जिले पर खाली लेटर हेड और सील लेकर भेजे तो हमने बोला कि टेंडर खोलने है और आप लोगों को जो टेंडर में ट्रैक्टर आया है महेंद्रा और ग्रौमेक्स 6.90 लाख की दर से टेंडर में आया जो लेना ही है सीएलएफ दोनों पदाधिकारी पर दबाव बनाकर लेने के लिए बोला है। पदाधिकारी द्वारा और हमारी सीएलएफ ई.सी. द्वारा जानकारी की गई तो वो ट्रैक्टर मार्केट में 5.80 लाख में ही मिल रहा है। हमे लगा ये मिलीभगत से टेंडर प्रक्रिया हुई है और सीएलएफ को सीधा एक लाख का नुकसान हों रहा है। सीएलएफ पदाधिकारी द्वारा बताया कि हमने प्रथम मीटिंग में तो इसी सहमति अनुसार ट्रैक्टर के लिए बोला था वो ट्रैक्टर चाहिए हमे तो परंतु उन्होंने दबाव बनाकर बोला कि ये ही लेना पड़ेगा। एक उच्चाधिकारी का नाम लेकर डराया गया और बताया हमे तो हमने दबाव में कुछ सीएलएफ ने साइन कर दिए परंतु हमने हमारी ई.सी. मीटिंग में जाकर बताया और सभी ने फिर निर्णय किया कि ट्रैक्टर लेंगे पर रिहायत दर पर जो वास्तविक मार्केट में रेट दर पर मिल रहा वो ही लेना है। ज्ञापन में मांग की गई है की सरकार की स्कीम में हमे जो प्रथम मीटिंग में निर्णय हुआ ट्रैक्टर लेने का वो हमे रियायत दर पर कमेटी को ट्रैक्टर क्रय करवाया जाए और हम आर्थिक स्तर पर कमजोर महिलाओं को ज्यादा दर पर ट्रैक्टर नहीं दिलवाया जाए, जिससे सरकार के पैसों की भी बचत हो और हमे वास्तविक मार्केट दर का पसंदीदी ट्रैक्टर अच्छी गुणवत्ता का ट्रैक्टर मिले ।

उधर, दुसरी और विभाग के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए सरकारी धन के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार की शिकायत की गई है। जिसमें स्पष्ट किया है की सीएचसी पॉलिसी के अनुसार सीएलएफ की कार्यकारिणी अपनी सहमति से मनचाहा ट्रैक्टर खरीदने के लिए पूरी तरह स्वतंत्र है, बावजूद इसके अधिकारियों द्वारा एक विशेष ट्रैक्टर फर्म को फायदा पहुंचाने के लिए ऊंची दरों पर ट्रैक्टर थोपे जा रहे हैं। जिससे सभी सीएलएफ में गहरा रोष व्याप्त है। परियोजना के अंतर्गत 12 ट्रैक्टर खरीदे जाने हैं आप है कि इस प्रक्रिया में सीएलएफ संकुल स्तरीय संघ की स्वायत्तता को पूरी तरह खत्म कर दिया गया। अधिकारियों को अपने पद का दुरुपयोग करते हुए सीएलएफ के कुछ पदाधिकारी को व्हाट्सएप कॉल के जरिए मजबूर किया गया है और उन्हें कार्यालय बुलाकर खाली लेटर हेड और सील ले ली गई, वहीं बताया जा रहा है कि जिस ट्रैक्टर की वास्तविक खरीद बाजार दर लगभग 5 लाख 70 हजार रुपए है उसका टेंडर मिलीभगत कर के 06 लाख 90 हजार की ऊंची दर पर करवाया जा रहा है यानी प्रति ट्रैक्टर करीब 01 लाख 20 हजार रुपए का सीधा आर्थिक नुकसान सीएलएफ और सरकारी खजाने को पहुंचाया जा रहा है। अब इस ट्रैक्टर खरीदने का मामला गहरा था जा रहा है और मांग की जा रही है कि ऊंची दरवाजे इन विवादित टेंडर को तुरंत निरस्त किया जाए भ्रष्टाचार और मिली भगत में शामिल विभागीय अधिकारियों के विरुद्ध कठोर दंड मत करवाई किया जाए सीएफ को उनकी पसंद और नियमानुसार सही बाजार दर पर ट्रैक्टर खरीदने की अनुमति दी जाए।

## प्रवीण चौधरी निर्विरोध बने सकल दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** शहर के सकल दिगंबर जैन समाज ने संगठन और एकता की शक्ति का परिचय देते हुए प्रवीण कुमार चौधरी को सर्वसम्मति से अपना नया अध्यक्ष चुन लिया है। भीलवाड़ा के सामाजिक और धार्मिक गलियारों में इस निर्णय का पुरजोर स्वागत किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, भीलवाड़ा स्थित सभी 16 दिगंबर जैन मंदिरों के अध्यक्षों और सचिवों की एक विशेष संयुक्त बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में समाज की मजबूती और भावी नेतृत्व को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान स्वर्गीय ताराचंद चौधरी के सुपुत्र प्रवीण कुमार चौधरी के नाम का प्रस्ताव रखा गया, जिसे सभी पदाधिकारियों ने बिना किसी विरोध के एक स्वर में स्वीकार कर लिया। समाज के प्रबुद्ध जनों ने बताया कि चौधरी एक ऊर्जावान और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी हैं। उनके निर्विरोध निर्वाचन से यह स्पष्ट है कि समाज उन्हें एक ऐसे नेतृत्व के रूप में देख रहा है जो भीलवाड़ा दिगंबर जैन समाज को नई ऊंचाइयों पर ले जाने और गौरव बढ़ाने में सक्षम है। अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद चौधरी को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। समर्थकों और समाज के युवाओं का मानना है कि उनके मार्गदर्शन में समाज की गतिविधियां और सेवा कार्य और अधिक प्रभावी होंगे। पदाधिकारियों ने आशा व्यक्त की है कि उनका कार्यकाल समाज के उत्थान और गौरवशाली परंपराओं को संजोने वाला साबित होगा।

# तरुण खटीक हत्याकांड के विरोध में खटीक समाज में रोष, राष्ट्रपति के नाम एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल | गंगापुर



दिल्ली के उत्तम नगर क्षेत्र में होली के पर्व के दौरान युवक तरुण खटीक की असामाजिक तत्वों द्वारा की गई निर्मम हत्या के विरोध में क्षेत्र के खटीक समाज सहित विभिन्न समाजों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इस जघन्य हत्याकांड के विरोध में गुरुवार को समाज के लोगों ने एकत्रित होकर राष्ट्रपति के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए दोषियों के खिलाफ त्वरित व कठोर कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन के माध्यम से समाजजनों ने कहा कि होली जैसे पवित्र और खुशियों के पर्व के दौरान इस प्रकार की घटना होना बेहद दुखद और निंदनीय है। समाज के प्रतिनिधियों ने मांग की कि इस हत्याकांड में शामिल सभी आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए तथा उन्हें फांसी की सजा दी जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। साथ ही पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के उद्देश्य से परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने तथा 1 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की भी मांग की गई।

समाज के लोगों ने कहा कि इस तरह की घटनाओं से पूरे देश में समाज के लोगों में असुरक्षा की भावना पैदा हो रही है, इसलिए प्रशासन को इस मामले में सख्त कदम उठाने चाहिए और दोषियों को जल्द से जल्द सजा दिलानी चाहिए।

इस दौरान आम मेवाड़ खटीक समाज मातृकुण्डिया अध्यक्ष शांति लाल सोलंकी, एडवोकेट जगदीश बुलीवाल, पार्षद धीरज चंदेल, भूतपूर्व चेयरमैन ओमप्रकाश चंदेल, बालकिशन चंदेल, सत्यनारायण चंदेल, देवी लाल दायमा, तनसुख खोईवाल, घीसू लाल चंदेल, जगदीश चंदेल, सोहन लाल दायमा, अशोक खोईवाल, शिवकरण चंदेल, कन्हैयालाल खटीक, ताराचंद खटीक, ताराचंद चंदेल, जमनेश दायमा, धर्मेश सोलंकी, शिव चंदेल, सुनील चंदेल भाणेज, सुनील चंदेल, बबलू दायमा, चेतन दायमा, रवि दायमा, नवरतन चंदेल, अशोक चंदेल, लोकेश चंदेल, मनोहर चौहान, अशोक खटीक, उमेश चंदेल, पारसमल खोईवाल, भावेश चंदेल के साथ ही अम्बेडकर विचार मंच अध्यक्ष ओमप्रकाश चंदेल, महासचिव जगदीश बुलीवाल, धीरज चंदेल, देवी लाल दायमा, बालकिशन चंदेल, रेगर समाज गंगापुर अध्यक्ष कैलाश रेगर, विजय लक्ष्मी जीनगर, शिवकरण चंदेल, राकेश सोलंकी, ताराचंद चंदेल, सुनील चंदेल, शोभालाल जीनगर सहित समाज के अनेक लोग मौजूद रहे।

सभी ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय दिलाने और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग दोहराई।

# रामभक्तों के बलिदान की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित, जय श्रीराम के उद्घोष से गूंजा शहीद चौक

### विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल भीलवाड़ा महानगर के सानिध्य मे शहीदों को अर्पित की श्रद्धांजलि

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के दौरान बलिदान हुए राम भक्तों की स्मृति में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल भीलवाड़ा महानगर द्वारा सांगानेरी गेट स्थित शहीद चौक स्मारक पर 12 मार्च को शहीद दिवस कार्यक्रम श्रद्धा और सम्मान के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में राम भक्तों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। महानगर प्रचार प्रसार प्रमुख विराट सोनी ने बताया कि यह कार्यक्रम 12 मार्च 1991 को राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के दौरान बलिदान हुए राम भक्तों, सुरेश जैन और रतन लाल सेन की स्मृति में श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए किया जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीराम के चित्र तथा आंदोलन में बलिदान हुए राम भक्तों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर की गई। इसके पश्चात उपस्थित लोगों ने द्वीप प्रज्वलित कर दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को नमन किया। यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है, कार्यक्रम में शहीद सुरेश जैन के भाई शांति लाल जैन व प्रांत से ओमप्रकाश बुलिया, अखिलेश व्यास विभाग से विजय ओझा, महानगर से ओमप्रकाश लढा, मुकेश प्रजापत, भारत गेंगट, सौम्या मेहता व प्रखंड से लक्ष्मण सिंह, प्रेम कुमार सेन व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि राम जन्मभूमि आंदोलन देश की आस्था, संस्कृति और आत्मसम्मान से जुड़ा ऐतिहासिक आंदोलन रहा है। इस आंदोलन में अनेक राम भक्तों ने अपने प्राणों की आहुति देकर अद्भुत साहस और समर्पण का परिचय दिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया था। अंत मे 'जय श्रीराम' के उद्घोष के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

## होली मिलन समाज में एकता, प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है : सुरेंद्र जैन

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** जायंट्स द्वारा शास्त्री नगर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जायंट्स ग्रुप भीलवाड़ा के संस्थापक सुरेंद्र जैन ने कहा कि इस तरह के मिलन समारोह समाज में एकता प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। धीरे धीरे जल संरक्षण की और भी जागरूकता बढ रही है केवल गुलाल से होली खेली जा रही है। इस अवसर पर जायंट्स संकल्प कोषाध्यक्ष मधु जैन, अमित-अलका, निरंजन पर्मिला, प्रदीप-अन्नू अभिषेक आंकक्षा, अपेक्षा सौरभ नितिन मैना तरुण कविता बडजात्या प्रिया अभिषेक, मनीष टीना कशिश-स्वीटी आदि सदस्य उपस्थित थे। संचालन बुलबुल जैन ने किया।

# अनिमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के तहत शिक्षको का एक दिवसीय आमुखीकरण प्रशिक्षण संपन्न

स्मार्ट हलचल



**बनेड़ा।** अनिमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के तहत समस्त शिक्षको का एक दिवसीय आमुखीकरण प्रशिक्षण शिविर सीएचसी परिसर में आयोजित हुआ।

प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ उपखण्ड अधिकारी श्रीकान्त व्यास द्वारा मां सरस्वती कि प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर के किया गया। इस अवसर उपखण्ड अधिकारी व्यास ने उद्बोधन में शिक्षको को निर्देशित किया कि सरकार द्वारा अनिमिया को रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत सभी बच्चो को आयरन फोलिक एसिड की गोली दी जा रही है उसे समय पर सभी बच्चो को दी जावे। ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. बनवारी लाल यादव ने बच्चो मे अनीमिया के क्या क्या लक्षण होते है तथा उसे बच्चो के जीवन मे क्या क्या प्रमुख समस्याऐं आती है एवं अनीमिया हाने के क्या कारण होते है एवं बच्चो मे अनीमिया को कैसे दूर किया जा सकता है के बारे मे विस्तृत जानकारी प्रदान की इस कडी मे विनय पाराशर ब्लॉक कार्यक्रम अधिकारी ने आईएफए सप्लीमेन्ट किस उम्र के छात्र को कोनसी दवा दी जानी है तथा आईएफए सप्लीमेन्ट के क्या क्या फायदे है एवं स्कूल नही जाने वाले बच्चो एवं किशोरियो को तथा गर्भवती महिलाओ एवं अन्य महिलाओ को आंगनबाडी केन्द्र के माध्यम से आईएफए सप्लीमेन्ट दिया जायेगा। तथा प्रतिकूल घटना प्रबन्धन एवं प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाले शक्ति दिवस के बारे मे विस्तृत जानकारी प्रदान की साथ ही महावीर प्रसाद मिश्रा द्वारा सभी शिक्षको को नशा मुक्ती कार्य्रक्रम के बारे मे विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

# कोटड़ी चारभुजा मंदिर में जेवरात काटने वाली 'बाछड़ा गैंग' की 7 महिलाएं गिरफ्तार

### पेट (आंतरिक अंग) में छिपाया था सोने का मंगलसूत्र, एक्स-रे से हुआ खुलासा, एमपी नंबर की कार जब्त

स्मार्ट हलचल | कोटड़ी

भीलवाड़ा पुलिस ने शीतला सप्तमी के अवसर पर कोटड़ी चारभुजा मंदिर के रंगोत्सव कार्यक्रम में महिलाओं के गले से जेवरात पार करने वाली अंतरराज्यीय 'बाछड़ा गैंग' का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए मध्य प्रदेश के नीमच जिले की 7 महिला अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने चोरी किए गए जेवरात को पुलिस से बचाने के लिए अपने शरीर के आंतरिक अंगों में छिपा दिया था, जिसे मेडिकल प्रक्रिया के जरिए बरामद किया गया।

#### भीड़भाड़ का फायदा उठाकर काटा मंगलसूत्र:

कोटड़ी निवासी प्रार्थिया राधा अहीर ने मामला दर्ज कराया था कि 11 मार्च को रंगोत्सव के दौरान भीड़ का फायदा उठाकर अज्ञात महिलाओं ने उनके गले से आधा तोला वजनी सोने का मंगलसूत्र और मोती काट लिए। इस पर पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार विशेष टीम का गठन किया गया।

#### एक्स-रे रिपोर्ट ने खोला राज:

कोटड़ी थानाधिकारी महावीर प्रसाद के नेतृत्व में टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और संदिग्धों पर नजर रखी। इस दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध कार को डिटेन कर उसमें सवार 7 महिलाओं को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। जब आरोपी महिला सपना (32) का स्वास्थ्य परीक्षण और एक्स-रे करवाया गया, तो उसके शरीर के आंतरिक अंग में धातु जैसी वस्तु दिखाई दी। पुलिस ने उसे महात्मा गांधी अस्पताल ले जाकर मेडिकल प्रक्रिया के जरिए मंगलसूत्र और 6 सोने के मोती बरामद किए।

#### पकड़ी गई गैंग के सदस्य:

गिरफ्तार की गई महिलाओं में शानू, व्रतिका, बरजी बाई, बसंती, मैना, पायल और सपना शामिल हैं। ये सभी मध्य प्रदेश के नीमच जिले के मनासा और नीमच सिटी थाना क्षेत्र की निवासी हैं। पुलिस अब इनसे अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है।

# भगवान झूलेलाल जन्मोत्सव पर 15 मार्च को विशाल रक्तदान शिविर, समाजजनों से बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा









सिन्धी समाज के आराध्य देव भगवान श्री झूलेलाल साहिब के जन्मोत्सव चेटीचंड के उपलक्ष में 15 मार्च रविवार को भीलवाड़ा में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर सिन्धुपति युवा सेवा संस्कार समिति (रजि.) व सिन्धुपति महिला मण्डल के तत्वावधान में सकल सिन्धी समाज भीलवाड़ा के सहयोग से आयोजित होगा।

समिति के अध्यक्ष दीपू सभनाणी ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था द्वारा आयोजित किया जा रहा यह 26वां रक्तदान शिविर है। समाज सेवा की भावना को आगे बढ़ाते हुए यह शिविर संत कंवर राम धर्मशाला, सिंधु नगर में 15 मार्च रविवार को आयोजित किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध कराना और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। सभनाणी ने बताया कि भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर आयोजित इस शिविर में समाज के युवाओं, महिलाओं और सभी समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान करने की अपील की गई है, ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके और मानव सेवा का यह पुनीत कार्य सफल हो सके।

इस आयोजन में शहर के विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संस्थानों का विशेष आशीर्वाद एवं सहयोग रहेगा। इनमें पूज्य दादा साहिब झूलेलाल मंदिर, हरिशेवा धाम, प्रेम प्रकाश (सांई टेऊराम साहिब) आश्रम, श्री गोविंद धाम दरबार तथा मां इच्छपूर्णी दुर्गा माता मंदिर का विशेष आशीर्वाद शामिल रहेगा। इसके अलावा सिन्धी सेंट्रल पंचायत, श्री झूलेलाल मित्र मंडल, अमर शहीद हेमू कालाणी शिक्षण संस्थान, शहर के सिंधी समाज के व्यापारिकगण तथा सकल सिन्धी समाज भीलवाड़ा की विभिन्न संस्थाओं का भी आयोजन में विशेष सहयोग रहेगा।

समिति पदाधिकारियों ने बताया कि रक्तदान शिविर को लेकर समाज में उत्साह का माहौल है। बड़ी संख्या में युवा रक्तदाता शिविर में भाग लेने के लिए आगे आ रहे हैं। आयोजन समिति ने विश्वास जताया कि समाज के सहयोग से यह शिविर भी पूर्व की भांति सफल रहेगा और जरूरतमंदों के लिए जीवनदायी साबित होगा।

समाजजनों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान करें और मानवता की सेवा के इस महायज्ञ में अपनी सहभागिता निभाएं।

## जोगणियां माता शक्तिपीठ पर चैत्र नवरात्र महोत्सव की तैयारियां जोरों पर

स्मार्ट हलचल | लाडपुरा

जोगणियां माता शक्तिपीठ पर चैत्र नवरात्र महोत्सव की तैयारियां प्रारम्भ हो गई है। जोगणियां शक्तिपीठ प्रबन्ध एवं विकास संस्थान के अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी ने बताया कि नवरात्र महोत्सव की स्थापना 19 मार्च गुरुवार को कलश यात्रा प्रातः 9:15 बजे से वेद विद्यालय के विद्वान पंडितो एवं बटुकों द्वारा शुरू होगी। घट स्थापना एवं ध्वज स्थापन 19 मार्च गुरुवार अभिजित मुहूर्त (दोपहर 12.15 बजे) से होगी।21 मार्च शनिवार रात्री जागरण एवं भजन संध्या होगी।

# मोइनिया इस्लामिया स्कूल का नाम बदला, विधानसभा अध्यक्ष बोले- गुलामी के प्रतीकों से मुक्त होगा अजमेर

स्मार्ट हलचल

**अजमेर।** अजमेर शहर में ऐतिहासिक स्थलों और संस्थानों के नाम भारतीय संस्कृति और परंपरा के अनुरूप करने की पहल के तहत गुरुवार को एक और बदलाव किया गया। स्टेशन रोड स्थित राजकीय मोइनिया इस्लामिया उच्च माध्यमिक विद्यालय का नाम बदलकर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय स्टेशन रोड कर दिया गया। इस नए नाम का लोकार्पण राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने किया।




### कई स्थानों के पहले भी बदले गए नाम

इस अवसर पर देवनानी ने कहा कि अजमेर को गुलामी के प्रतीक चिन्हों से मुक्त कर भारत के गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने का संकल्प लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शहर के कई ऐतिहासिक स्थलों के नाम भी इसी सोच के साथ बदले गए हैं। इस अभियान की शुरुआत एडवर्ड मेमोरियल का नाम बदलकर महर्षि दयानंद विश्रांति गृह करने से हुई थी। इसके बाद स्न्नश्4 स्ड्डद्दड्डह्ल स्नड्डद्द्र का नाम बदलकर वरुण सागर रखा गया। वहीं राजस्थान पर्यटन विकास निगम के होटल का नाम बदलकर अजयमेरू किया गया, जिससे पर्यटकों की संख्या में भी वृद्धि हुई है।

उन्होंने बताया कि वीर शहीद अविनाश माहेश्वरी के नाम पर एक सड़क का नामकरण किया गया है। इसके अलावा शहर में बने नए एलिवेटेड रोड का नाम रामसेतु रखा गया है।

### तारागढ़ के विकास के लिए 20 करोड़ मंजूर

देवनानी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा तारागढ़ फोर्ट के विकास के लिए 20 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है, जिससे इस ऐतिहासिक स्थल को और आकर्षक बनाया जाएगा। साथ ही पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लेपर्ड सफारी और वरुण सागर के सौंदर्यीकरण जैसी परियोजनाओं पर भी कार्य किया जा रहा है।

### शिक्षा और आईटी क्षेत्र में नई योजनाएं

देवनानी ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालयों में नए कक्षा-कक्षों का निर्माण कराया जा रहा है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए गांधी भवन में बहुमंजिला लाइब्रेरी बनाने का प्रस्ताव है। इसके अलावा आईटी युग को देखते हुए युवाओं को रोजगार के अवसर देने के लिए आईटी पार्क विकसित किया जा रहा है। शहर में बड़े आयोजनों के लिए वृहद स्टेडियम निर्माण की योजना भी बनाई जा रही है।

## गैस सिलिंडर को लेकर घबराए लोग

# गैस एजेंसियों पर सुबह से लगी कतारें

स्मार्ट हलचल

**अजमेर।** ईरान-इजरायल युद्ध के बाद देशभर में गैस आपूर्ति को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच अजमेर में भी रसोई गैस को लेकर लोगों में चिंता का माहौल देखने को मिल रहा है। शहर की कई गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लग रही हैं। लोग सुबह से ही गैस बुकिंग और सिलिंडर लेने के लिए एजेंसियों के बाहर लाइन में खड़े नजर आए।



### समय पर नहीं हो पा रही बुकिंग

उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस की कमी के कारण उनकी बुकिंग समय पर नहीं हो पा रही है और उन्हें कई घंटों तक इंतजार करना पड़ रहा है। कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि गैस एजेंसी संचालक सर्वर डाउन होने का हवाला देकर बुकिंग में देरी कर रहे हैं, जिससे आमजन को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

### बुकिंग की अवधि बढ़ने से बढ़ी चिंता

बताया जा रहा है कि गैस सिलिंडर की बुकिंग की समय सीमा पहले से बढ़ाकर 25 दिन कर दी गई है। इससे उपभोक्ताओं में असमंजस की स्थिति बन गई है। लोगों का कहना है कि पहले कम समय में सिलिंडर बुक हो जाता था, लेकिन अब बढ़ी अवधि के कारण उन्हें ज्यादा इंतजार करना पड़ रहा है।

### घरेलू गैस की कमी नहीं: प्रशासन

वहीं इस मामले में अजमेर जिला रसद अधिकारी मोनिका जाखड़ ने स्पष्ट किया कि शहर में घरेलू रसोई गैस की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि प्रदेशभर में फिलहाल कमर्शियल गैस सिलिंडरों की कमी जरूर है, लेकिन घरेलू उपभोक्ताओं को गैस की आपूर्ति नियमित रूप से की जा रही है।

### कालाबाजारी पर सख्त नजर

जिला रसद अधिकारी ने बताया कि गैस की कालाबाजारी और अवैध भंडारण पर रोक लगाने के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। इन टीमों में रसद विभाग के अधिकारियों के साथ पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। जहां भी कालाबाजारी या अवैध भंडारण की सूचना मिलेगी, वहां तुरंत कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और घबराएं नहीं। शहर में घरेलू गैस की आपूर्ति बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

# कांग्रेसियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, दांडी यात्रा याद किया, पुष्पांजलि दी



स्मार्ट हलचल

**पुष्कर/अजमेर।** राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के नेतृत्व में प्रारंभ हुई दांडी मार्च कि वर्षगांठ पर पुष्कर एनएसयूआई अध्यक्ष मधुसूदन मैक्स पाराशर के नेतृत्व में गाँधी जी की मूर्ति को विज्ञापनों के अतिक्रमण से मुक्त करा कर पुष्पांजलि अर्पित की।

पाराशर ने बताया कि इस महान आंदोलन ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी और लाखों देशवासियों के मन में आज़ादी की ज्योति प्रज्वलित की। आज इस ऐतिहासिक दिवस पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, दांडी यात्रा के सभी सत्याग्रहियों और समस्त स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, साहस और बलिदान को कोटि कोटि नमन करते है!

उनका संघर्ष और संकल्प हमें सदैव राष्ट्रहित में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता रहेगा। इस अवसर पर मधुसूदन मैक्स पाराशर, पंकज पाराशर, विश्वास राजगुरु, महेंद्र परिहार हेमंत गुर्जर, आदि युवा मौजूद थे।

# प्रथम तीर्थंकर भगवान वृषभदेव आदिनाथ जन्म तप कल्याणक महोत्सव मनाया

स्मार्ट हलचल

**आकोला।** महुआ कस्बे में स्थित जैन मंदिर पर जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान के जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया।परम् पूज्य मुनि 108 श्री प्रणीत सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में गुरुवार को बड़े बाबा, मूल नायक आदिनाथ भगवान का जन्म कल्याणक मनाने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ है

सभी धर्मावलंबीयो ने परिवार सहित इस आयोजन में शामिल हुए।

प्रात 07 बजे से, अभिषेक, 108 मन्त्रों से शान्ति धारा, जो कि बोली द्वारा, चार इन्द्र बनाएं गए । लाभचंद, देवेन्द्र कुमार, अशोक कुमार अभीषेक, विशाल शांतिलाल, अंकित, चिन्मय, प्रकाश कुमार, राजकुमार ने प्रातः 08 बजे से भक्तामर स्तोत्र विधान, इसमें भी सो धर्म इन्द्र का पद अनिल कुमार, मुकेश कुमार, कमलेश, राजेश, बोली द्वारा, वहीं विधान मुख्य कलश-स्थापन कर्ता होगा, चार कलश , चार महिलाओं द्वारा स्थापित किए गए।



मध्याह्न 03 बजे से 1008 रिद्धि मंत्रों द्वारा जाप किया गया, वह भी जोड़े द्वारा रात्रि 6.30 बजे से स्वास्तिक आकार में संगीतमय भक्तामर आरती की जाएगी ।मुनि श्री के दिशा-निर्देशन में। जिन्होंने इस आरती में नाम लिखाया था उसको एक टेबल मिली उस पर परिवार द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया।

बीच बीच में संगीतमय भक्ति भक्तो के द्वारा की गई। सभी ने अपने-अपने प्रतिष्ठान प्रातः 11 बजे तक मंगल रखे एवं सायं 6.00 बजे से व्यवसाय मंगल रख कर इस भक्तामर महा आरती में शामिल होगे। जैन समाज के सभी सदस्यों ने आदिनाथ जंयती को बड़े ही धूम-धाम तरीके से मनाया।इस मौके पर सतीश सेठिया, चैनसुख काला मुकेश सेठिया, नेमीचंद सेठिया, कैलाश सेठिया सहित आदि जैन समाज के श्रद्धालु मौजूद रहे।

# सोनू खान बने प्रदेश सचिव

स्मार्ट हलचल



**रायला।** अखिल भारतीय अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी की अनुशंसा पर राजस्थान प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस में नई नियुक्तियाँ की गई हैं। इसी क्रम में प्रदेशाध्यक्ष एम. डी. चोपदार ने सोनू खान कायमखानी को प्रदेश सचिव के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया है।

सोनू खान कायमखानी की नियुक्ति पर उनके समर्थकों और शुभचिंतकों ने खुशी का इजहार किया। समर्थकों का कहना है कि उनकी नियुक्ति से संगठन को मजबूती मिलेगी और अल्पसंख्यक समाज से जुड़ी समस्याओं को प्रदेश स्तर पर प्रभावी तरीके से उठाया जा सकेगा।

अपनी नियुक्ति पर सोनू खान कायमखानी ने राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को मजबूत बनाने और अल्पसंख्यक समाज के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।

# जनसुनवाई में जनता की आवाज, एसडीएम ने तुरंत समाधान के दिए निर्देश

स्मार्ट हलचल | सुनेल

पंचायत समिति पिड़ावा मुख्यालय सुनेल में गुरुवार को ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन उपखण्ड अधिकारी दिनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में किया गया। जनसुनवाई के दौरान कई परिवादों की सुनवाई कर कुछ समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस दौरान मुख्य सचिव व जिला कलेक्टर भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनसुनवाई से जुड़े।



जनसुनवाई में सुनेल के नागरिकों ने नगर में गंदे पानी की सप्लाई, कई मोहल्लों में समय पर पानी नहीं आने, सड़कों पर गड्ढे, नालियों की सफाई नहीं होने, बिजली के खतरनाक तारों और कॉलोनियों में सड़क नहीं होने जैसी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। साथ ही लिंबड़ियां, गुर्जर मोहल्ला, रावला मोहल्ला सहित अन्य क्षेत्रों की समस्याओं से अवगत कराते हुए नगर में स्पीड ब्रेकर लगाने और निराश्रित गौमाताओं के लिए उचित व्यवस्था करने की मांग की।इस पर उपखण्ड अधिकारी मीणा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं का जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि त्रिस्तरीय जनसुनवाई के प्रकरणों का निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जाए और कोई भी प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रहे। साथ ही सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को नियमित विभागीय समीक्षा करने के निर्देश दिए। इस दौरान विकास अधिकारी संजय शर्मा, सुनेल तहसीलदार अजहर बेग, पीडब्ल्यूडी सहायक अभियंता नवीन मीणा सहित कई ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी व परिवादी उपस्थित रहे।

# युवक की मौत के मामले में 10-10 हजार के ईनामी तीन आरोपी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल | सूरौठ

भुकरावली गांव में जमीन विवाद में हुए झगड़े में युवक की मौत के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे तीन आरोपियों को सवाईमाधोपुर रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान से गिरफ्तार किया है। इन पर एसपी की ओर से 10-10 हजार का ईनाम घोषित किया गया था। इस मामले में पूर्व में आरोपी हरिराम मीना को भटिंडा से गिरफ्तार किया जा चुका है। जबकि इस मामले में अन्य फरार आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है।

एएसपी सत्येन्द्र पाल सिंह ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम का गठन किया गया था। जांच के दौरान पता चला कि भुकरावली गांव के युवक की मौत के मामले में फरार चल रहे विकास मीना, नीरज मीना व भोजा उर्फ भोजराज निवासी भुकरावली की लोकेशन सवाईमाधोपुर के रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में देखी गई है। जिस पर पुलिस की टीम ने दो दिनों तक निगरानी रखी और 30 किलोमीटर तक पैदल चलकर आरोपियों की तलाश की, जिन्हें गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया। इनकी गिरफ्तारी में साहब सिंह व साइबर सैल टीम करौली की अहम भूमिका रही। पुलिस टीम में आरपीएस श्रेष्ठ दीक्षित, पुलिस निरीक्षक सोहन सिंह, महेश, साहब सिंह, नरेन्द्र सिंह, भगवान सिंह, भरतलाल, पुष्पेन्द्र सिंह, जगमोहन, रामसहाय, राकेश, विनोद, पुष्पेन्द्र, रामराज, अजय सिंह, विजय व नीरज शामिल रहे।

# माहेश्वरी युवा संगठन का फाग उत्सव

## भजन सम्राट सुनील गंधर्व ने बांधा समां



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

होली के पावन अवसर पर माहेश्वरी युवा संगठन चंद्रशेखर आजाद नगर द्वारा फूलों की सुगंध और भक्तिमय वातावरण के बीच भव्य फाग उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाजजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रंगबिरंगे फूलों और फाग गीतों के साथ पर्व का आनंद लिया।

अध्यक्ष अंकित सोमानी ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में भजन सम्राट श्री सुनील गंधर्व ने राधा-कृष्ण के मधुर भजनों एवं पारंपरिक फाग गीतों की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। उनके सुरों पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा परिसर भक्तिरस में सराबोर हो गया।

इस अवसर पर महिला संगठन द्वारा राधा-कृष्ण की सजीव झांकी सजाई गई, जिसने सभी का मन मोह लिया। फूलों की वर्षा के बीच भक्तों ने एक-दूसरे को धुलेंडी की शुभकामनाएं दीं और प्रेम व सौहार्द का संदेश दिया।

मंत्री शुभम सोमानी ने बताया कि इस आयोजन में माहेश्वरी सेवा समिति का विशेष सहयोग रहा, जिसके कारण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सका।

कार्यक्रम में अशोक नौलखा, मितेश सोडाणी, राहुल सोमानी, अनिल जेथलिया, अभिषेक जागेटिया, शुभम तोषनीवाल,रामनिवास समदानी, कृष्ण गोपाल सोमानी, दिनेश हेडा, रामकिशन सोनी, श्यामसुंदर सोमानी, चंदा जागेटिया, ललिता राठी सहित अनेक पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहे। अंत में सभी ने सामूहिक रूप से फाग गीतों के साथ धुलेंडी का पर्व हर्षोल्लास और भाईचारे के वातावरण में मनाया।

### जानलेवा हमले के मामले में हाईकोर्ट सख्त

# अलीगढ़ थानाधिकारी को किया तलब-पीडित शिक्षक की चोटों पर मांगी स्पष्ट मेडिकल रिपोर्ट

स्मार्ट हलचल

**टोंक/अलीगढ़।** उनियारा सर्किल के अलीगढ़ थाना क्षेत्र में दर्ज जानलेवा हमले के प्रकरण संख्या 151/2025 को लेकर राजस्थान उच्च न्यायालय की जयपुर पीठ ने पुलिस जांच पर सख्त रुख अपनाया है। अदालत ने जांच की धीमी प्रगति और मेडिकल रिपोर्ट में स्पष्टता नहीं होने पर असंतोष जताते हुए अलीगढ़ थानाधिकारी राजकुमार चौधरी (पुलिस निरीक्षक) को व्यक्तिगत रूप से न्यायालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

न्यायमूर्ति प्रमिल कुमार माथुर की एकलपीठ ने लोक अभियोजक को आदेश दिया कि आगामी सुनवाई 17 मार्च 2026 को जांच अधिकारी (थानाधिकारी) को अदालत में पेश किया जाए। यह आदेश आरोपियों राकेश मीणा और सांवलराम मीणा की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान परिवादी पक्ष के अधिवक्ता लाखन सिंह मीणा की पैरवी पर दिया गया।अदालत ने टिप्पणी की कि पीड़ित श्योदास मीणा (अध्यापक) निवासी अलीमपुरा को गंभीर चोटें आई थीं, जिन्हें जानलेवा बताया गया है, लेकिन इस संबंध में स्पष्ट मेडिकल राय रिकॉर्ड पर प्रस्तुत नहीं की गई। न्यायालय ने बीएनएसएस की धारा 109 के तहत मेडिकल आधार पर यह स्पष्ट करने के निर्देश दिए हैं कि चोटें वास्तव में जानलेवा श्रेणी में आती हैं या नहीं। प्रकरण में तत्कालीन जांच अधिकारी एएसआई भंवरलाल मीणा व तत्कालीन थानाधिकारी पवन कुमार चौधरी पर आरोपियों को संरक्षण देने के आरोप भी लगाए गए हैं। वहीं परिवादी पीड़ित पक्ष व उनके अधिवक्ता का आरोप है कि चार आरोपियों में से पुलिस ने विजेंद्र मीणा निवासी अलीमपुरा का नाम जांच के दौरान सांठगांठ से हटा दिया गया, जबकि अब तक प्रकरण में केवल एक आरोपी राकेश मीणा निवासी अलीमपुरा को ही गिरफ्तार किया गया है और अन्य दो आरोपी सांवलराम मीणा व धारासिंह मीणा निवासी बराना जिला टोंक अभी तक फरार हैं। पीड़ित पक्ष अधिवक्ता का आरोप हैं कि गम्भीर मामले में भी वर्तमान जांच अधिकारी (थानाधिकारी) राजकुमार चौधरी जांच को जानबूझकर लम्बित कर शेष आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पा रहे है। हालांकि फरार आरोपियों पर पुलिस अधीक्षक टोंक द्वारा गिरफ्तारी को लेकर 5-5 हजार का ईनाम भी घोषित किया हुआ है। हाईकोर्ट की सख्ती के बाद अलीगढ़ थाना पुलिस की जांच प्रक्रिया और जवाबदेही को लेकर क्षेत्र में चर्चाएं तेज हो गई हैं। अब सबकी नजरें आगामी सुनवाई पर टिकी हैं।

# पुष्कर में शाम को बसंत की बड़ी सवारी निकली

स्मार्ट हलचल

**पुष्कर/ अजमेर।** श्री रमा वैकुंठ नए रंगजी मंदिर में प्रतिवर्ष की भाँति निकाली जाने बसन्त की सवारी निकाली गई ।यह 11 दिवसीय सालाना ब्रह्मोत्सव के तहत गुरूवार की शाम को बसंत की बड़ी सवारी शाही निकाली गई। यह निकलने वाली सबसे बड़ी सवारी होती है, अन्य सवारियों मे होती है ।यह सवारी देखने हेतु आसपास के लोग आते हैं । सवारी मंदिर परि से नगर भ्रमण को निकलती हैं । भगवान वैकुण्ठनाथ पिचकारी से श्रद्धालुओं के साथ केसर अबीर से होली खेलते हैं। सभी लोग अपने प्रतिष्ठान के सामने ठाकुर जी के आगमन पर साफ़- सफ़ाई कर रगोंली बनकर स्वागत कर , आरती कर भोग लगाते हैं। सवार में कर्षक झांकियाँ भी होती है जो मनमोहक होती हैं । मंदिर व्यवस्थापक सत्यनारायण रामावत ने बताया कि बसंत की सवारी गुरूवार की शाम को गाजे-बाजे के साथ मंदिर से आरंभ हुई।

## अवैध बजरी परिवहन पर पुलिस की कार्रवाई

# पूर्व सरपंच सहित छह गिरफ्तार, डंपर जब्त

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

जिले के सुवाणा कस्बे में अवैध बजरी परिवहन के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मंगरोप के पूर्व सरपंच सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया है।आरोपियों पर अवैध खनन सामग्री के परिवहन के साथ ही राजकार्य में बाधा पहुंचाने का आरोप है।पुलिस ने डंपर को जब्त कर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।सदर थानाधिकारी गजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि पुलिस को अवैध बजरी परिवहन की सूचना मिली थी।इस पर पुलिस टीम ने कोटा की ओर से आ रहे बजरी से भरे एक डंपर को रुकवाने का प्रयास किया,लेकिन चालक ने वाहन को तेज गति से भगा लिया।इसके बाद पुलिस टीम ने पीछा कर डंपर को पकड़ लिया और मौके से डंपर को जब्त कर लिया।पुलिस ने कार्रवाई करते हुए डंपर मालिक और मंगरोप के पूर्व सरपंच रतन पुत्र नारायण गुर्जर (38) निवासी मंगरोप को गिरफ्तार किया साथ ही पप्पू पुत्र मोहनलाल सुथार (26) निवासी फलोदी,किशन सिंह उर्फ आदि सिंह पुत्र शिव सिंह राणावत (28) निवासी हासियास, प्रभु पुत्र भैरू भील (22) निवासी रीठ तथा एक 17 वर्षीय नाबालिग को भी पकड़ा गया।पुलिस के अनुसार आरोपियों ने अवैध बजरी से भरे डंपर को रोकने पर राजकार्य में बाधा पहुंचाने की कोशिश की।इस मामले में आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता(बीएनएस)की धारा 28 1,125,132,303(2),61(2) तथा एमएमडीआर एक्ट की धारा 4/21 के तहत मामला दर्ज किया गया है।पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया है।वहीं पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है और अवैध बजरी परिवहन से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका भी खंगाली जा रही है।

# देशभक्ति गीतों से सजेगा कोटा विश्वविद्यालय का मंच

## पं. गौतम काले व डॉ. पामिल मोदी के समूह की देशभक्ति प्रस्तुतियां 14 मार्च को

स्मार्ट हलचल | कोटा

कोटा विश्वविद्यालय के भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ एवं संगीत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों की संगीतमय प्रस्तुति 'शताब्दी स्वर-वंदे मातरम्' कार्यक्रम का आयोजन 14 मार्च 2026 (शनिवार) को किया जाएगा।

डीन पीजी स्ट्डीज प्रो.घनश्याम शर्मा ने बताया कि कुलगुरू प्रो. भगवती प्रसाद सारस्वत (कुलगुरु, कोटा विश्वविद्यालय) के मार्गदर्शन में आयोजत किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर स्थित फार्मेसी विभाग के सेमिनार हॉल में प्रातः 10:30 बजे से होगा। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध संगीतज्ञ पंडित गौतम काले एवं उनका समूह (इंदौर) तथा डॉ. पामिल मोदी एवं उनका समूह देशप्रेम से प्रेरित गीतों की प्रस्तुति देंगे।




कुलगुरू प्रो.भगवती प्रसाद सारस्वत ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य स्वतंत्रता आंदोलन की गौरवपूर्ण परंपरा, राष्ट्रभक्ति और भारतीय सांस्कृतिक चेतना को संगीत के माध्यम से नई पीढ़ी तक पहुँचाना है। कार्यक्रम में वंदे मातरम् सहित देशभक्ति से ओतप्रोत रचनाओं का सामूहिक गायन और सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सुशील कुमार शर्मा ने बताया कि आयोजन समिति द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है और विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं शहर के प्रबुद्ध नागरिकों को इसमें आमंत्रित किया गया है। आयोजन समिति सचिव संतोष कुमार मीणा व सह संयोजक डॉ विक्रांत शर्मा ने बताया कि दोनो प्रसिद्ध कलाकर इंदौर एवं मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय उदयपुर से आ रहे है।

# महिला के पेट से निकाली 30 सेंटीमीटर लंबी गांठ

स्मार्ट हलचल | चित्तौड़गढ़

सांवलियाजी चिकित्सालय में भर्ती एक महिला के पेट से चिकित्सकों ने 30 सेंटीमीटर से बड़ी गांठ निकाल कर उसकी जान बचाई।

जानकारी के अनुसार पारसी पत्नी राधेश्याम निवासी रामदेवजी का चन्देरिया को तीन दिना पूर्व पेट दर्द की शिकायत के चलते सांवलियाजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। जहां डॉ. दीप्ति श्रीवास्तव द्वारा उनकी जांच कर सोनोग्राफी सहित अन्य आवश्यक टेस्ट कराए। जिसमें महिला के पेट में गांठ होने का पता लगा, जिसे ऑपरेशन से ही निकाला जाना सम्भव था। जिस पर डॉ. दीप्ति श्रीवास्तव द्वारा गुरुवार को अपनी टीम के साथ महिला का ऑपरेशन किया गया, करीब 45 मिनट चले ऑपरेशन में महिला के पेट से 30 सेंटीमीटर लंबी गांठ निकाली गई। ऑपरेशन में डॉ. पंकज, डॉ. संजय, डॉ. परीक्षित और नर्सिंग स्टॉफ मोनिका का सहयोग रहा। ऑपरेशन के बाद महिला पूरी तरह स्वस्थ है। जिसे जल्द की छूट्टी दी जाएगी।



# ब्यावर में एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध, कलेक्टर बोले- सिलेंडर की कालाबाजारी पर होगा सख्त एक्शन

स्मार्ट हलचल




**ब्यावर।** जिला कलेक्टर कमलराम मीणा की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के समस्त गैस एजेंसी संचालकों की बैठक हुई। इस बैठक में जिले में स्वऱ गैस की आमद, विक्रय, स्टॉक, बुकिंग और आपूर्ति की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान गैस एजेंसी संचालकों ने बताया कि जिले में गैस सिलेंडर बुकिंग के अनुसार 2 से 3 दिन का बैकलॉग है। हालांकि, एजेंसियों पर घरेलू गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। गैस कंपनियों द्वारा भी नियमित और पर्याप्त मात्रा में सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है, जिससे जिले में किसी प्रकार की कमी नहीं है।

कलेक्टर ने एजेंसी संचालकों को पेट्रोलियम कंपनियों और राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को गैस बुकिंग के बाद 'फर्स्ट इन फर्स्ट आउट' के आधार पर प्राथमिकता से होम डिलीवरी की जाए। साथ ही, जिन उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी प्रक्रिया शेष है, उसे शीघ्र पूर्ण करवाया जाए।

### विजिलेंस जांच दल रोकेगा कालाबाजारी

मीणा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी नहीं होनी चाहिए और घरेलू गैस सिलेंडरों का वाणिज्यिक उपयोग भी प्रतिबंधित है। उन्होंने यह भी कहा कि गैस सिलेंडरों का भंडारण केवल निर्धारित गोदाम स्थल पर ही किया जाए। अन्य स्थानों पर भंडारण करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिले में गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग और कालाबाजारी की रोकथाम के लिए एक विजिलेंस जांच दल का गठन किया जाएगा, जो समय-समय पर जांच करेगा। इसके अतिरिक्त, गैस एजेंसियों से प्रतिदिन स्टॉक की जानकारी भी ली जा रही है ताकि पारदर्शिता बनी रहे।

### सिलेंडरों का भंडारण नहीं करने की अपील

जिला प्रशासन ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि जिले में एलपीजी आपूर्ति सामान्य है, इसलिए आवश्यकतानुसार ही गैस बुकिंग करवाएं। अनावश्यक बुकिंग या सिलेंडरों का भंडारण नहीं करें। वर्तमान नियमों के अनुसार, एक सिलेंडर की आपूर्ति के 25 दिन बाद ही पुनः बुकिंग पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। इस बैठक में एडीएम ब्रह्मलाल जाट, जिला परिषद के सीईओ गोपाल मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र कुमार, जिला रसद अधिकारी अब्दुल सादिक सहित जिले के सभी गैस एजेंसी संचालक उपस्थित रहे।

# यातायात व्यवस्था को लेकर सख्ती, बस-जीप चालकों व ठेला संचालकों को दिए निर्देश

स्मार्ट हलचल



**महवा।** महवा कस्बे में सुचारु यातायात एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने और सड़क पर अतिक्रमण रोकने के उद्देश्य से गुरुवार को पुलिस द्वारा बैठक आयोजित कर वाहन चालकों और ठेला संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

सागर राणा के निर्देशन में तथा राहुल प्रकाश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमंत कलाल के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। वृत्ताधिकारी मनोहर लाल मीणा के सुपरविजन और थानाधिकारी राजेंद्र कुमार के नेतृत्व में प्राइवेट बस-जीप चालक, परिचालक व वाहन स्वामियों की बैठक ली गई।

बैठक में वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, बस-जीप को निर्धारित स्थान पर ही खड़ा करने तथा सड़क पर अव्यवस्था नहीं फैलाने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि आमजन की सुविधा के लिए यातायात व्यवस्था सुचारु रखना सभी की जिम्मेदारी है।

इसके साथ ही कस्बे की मुख्य बाजार सड़कों पर सब्जी, फल, चाट और आइसक्रीम के ठेले लगाने वाले विक्रेताओं को भी चेतावनी देते हुए अतिक्रमण नहीं करने के निर्देश दिए गए। पुलिस ने स्पष्ट किया कि यदि सड़क पर अतिक्रमण या यातायात बाधित करने की शिकायत मिली तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने सभी से कानून व्यवस्था बनाए रखने और आम नागरिकों के साथ सद्व्यवहार करने की अपील भी की।

# उत्तराखंड समाज का होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न



स्मार्ट हलचल

**शंभूपुरा।** उत्तराखंड समाज चित्तौड़गढ़ के द्वारा होली मिलन समारोह सेंती स्थित देवनारायण मन्दिर के प्रांगण में धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष पूरनसिंह नेगी ने समाज को संगठित होकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। पुरुषो में गोविन्दसिंह केशवसिंह भण्डारी, किशोर सिंह बोरा गोपाल सिंह नेगी महेश जोशी मोहन जोशी, नीरज जोशी अनिल लोहनी, नरेश उपाध्याय, रामसिंह बिस्ट ने भाग लिया तथा पहाड़ी कुमाऊनी गीतों पर सामूहिक डांस किया तथा महिला वर्ग में मीना रोतेला, कविता जोशी, मीना भट्ट मोहनी देवी चित्रा, मनीषा, मंजू, प्रेमा, कला पुष्पा, आशा, रेणु, निर्मला ने उत्तराखण्ड का प्रसिद्ध झोड़ा नृत्य किया। समाज के बुजुर्ग लोगो ने भी कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन राजेश जोशी ने किया।

# ब्यावर के ऋषि लाम्बा प्रदेश कॉर्डिनेटर नियुक्तः शाकिर कुरैशी प्रदेश सह सचिव बने; कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग कार्यकारिणी घोषित

स्मार्ट हलचल





**ब्यावर।** कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी और राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट एम.डी. चोपदार ने विभाग की प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की है। इस कार्यकारिणी में ब्यावर जिले से सेवादल जिला प्रवक्ता ऋषि लाम्बा को प्रदेश कॉर्डिनेटर और शाकिर कुरैशी को प्रदेश सह सचिव पद पर नियुक्त किया गया है।

इन नियुक्तियों का ब्यावर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया है। कांग्रेसजनों ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे संगठन को मजबूती मिलेगी और जिले में पार्टी की गतिविधियों को नया बल प्राप्त होगा।

इस अवसर पर ब्यावर कांग्रेस जिलाध्यक्ष किशोर चौधरी, विधानसभा प्रत्याशी पारस पंच, प्रदेश सचिव सोहन मेवाड़ा, सेवादल जिलाध्यक्ष एडवोकेट विक्रम सोनी, पूर्व महिला जिलाध्यक्ष राधिका शर्मा, कांग्रेस नेत्री जानवी भरवानी, सेवादल महिला अध्यक्ष एडवोकेट उर्मिला करवरिया, प्रदेश महिला सचिव एडवोकेट सुलक्षणा शर्मा, सेवादल के पूर्व जिला अध्यक्ष बालूराम सेन, सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद माथुर, सेवादल विधानसभा अध्यक्ष एडवोकेट मगन सोलंकी, सेवादल यंग ब्रिगेड जिला अध्यक्ष लोकेश कुमार, सेवादल उपाध्यक्ष मुकेश जोशी, कारण जोशी और सेवादल जिला प्रवक्ता एडवोकेट आशीष शर्मा सहित कई अन्य कांग्रेसजनों ने भी पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

## बानसेन में सेवा की अनूठी मिसाल

# जनसहयोग से संवरा मोक्ष धाम, हितेश नाहर और टीम ने किया कायाकल्प

**भामाशाहों के सहयोग से मोक्ष धाम में बनी सीसी सड़क; छाया के लिए टिन शेड, 60 कुर्सियां और सुरक्षा के लिए लगाई गई तारबंदी-जाली**



स्मार्ट हलचल| बानसेन

जब समाज के लोग निस्वार्थ भाव से एकजुट होते हैं, तो बड़े से बड़ा कार्य भी आसान हो जाता है। बानसेन ग्राम में सेवा भावना की एक ऐसी ही बेहतरीन मिसाल सामने आई है। यहाँ युवा समाजसेवक हितेश कुमार नाहर, उनकी समर्पित टीम और दानदाता भामाशाहों के विशेष सहयोग से गांव के मोक्ष धाम (श्मशान घाट) का कायाकल्प कर दिया गया है।

### भामाशाहों को किया प्रेरित, जुटाया सहयोग:

मोक्ष धाम में अंतिम संस्कार के दौरान ग्रामीणों को होने वाली असुविधाओं को देखते हुए भाई हितेश कुमार नाहर और उनके सहयोगी कार्यकर्ताओं ने एक सुंदर पहल की। उन्होंने समस्त ग्रामवासियों और दानदाताओं (भामाशाहों) को मोटिवेट कर विकास कार्यों के लिए सहयोग राशि एकत्रित की। इस राशि का सदुपयोग करते हुए मोक्ष धाम में विकास के कई महत्वपूर्ण कार्य संपन्न करवाए गए हैं।

### सीसी रोड, वृक्षारोपण और बैठने की उत्तम व्यवस्था:

प्राप्त सहयोग से मोक्ष धाम परिसर के अंदर सीसी (गिट्टी) सड़क का निर्माण करवाया गया है, जिससे बारिश के दिनों में होने वाली कीचड़ की समस्या से निजात मिलेगी। पर्यावरण शुद्धि के लिए परिसर में सघन वृक्षारोपण किया गया है तथा सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चारों ओर तारबंदी (जाली) लगाई गई है।

अंतिम यात्रा में शामिल होने वाले लोगों के बैठने के लिए मोक्ष धाम में 60 से अधिक कुर्सियां लगवाई गई हैं। धूप और बारिश से बचाव के लिए इन कुर्सियों के ऊपर मजबूत टिन शेड लगाकर अच्छी छाया की सुचारू व्यवस्था की गई है। इस पुनीत और सेवाभावी कार्य के लिए समस्त ग्रामवासियों ने हितेश कुमार नाहर, उनकी पूरी टीम और सभी सहयोगी भामाशाहों का हृदय से आभार और साधुवाद व्यक्त किया है।

# समाज सेवा की मिसाल : उठाई जरूरतमंद परिवार की जिम्मेदारी

स्मार्ट हलचल



**मनोहरपुर।** अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव कुंवर दिगराज सिंह शाहपुरा ने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए शाहपुरा के मनोहरपुर क्षेत्र में रहने वाली असहाय विधवा महिला और उसके दो बच्चों की संपूर्ण जिम्मेदारी उठाने का संकल्प लिया है।

आस पास के क्षेत्र में रहने वाले आमजन ने दिगराज सिंह शाहपुरा को बताया कि इस परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय है और जीवनयापन के लिए उन्हें कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति को देखते हुए कुंवर दिगराज सिंह शाहपुरा ने व्यक्तिगत रूप से आगे बढ़कर इस परिवार के लिए राशन और अनाज की नियमित व्यवस्था करने का निर्णय लिया है, ताकि परिवार को भोजन जैसी मूलभूत आवश्यकता के लिए किसी के सामने हाथ न फैलाना पड़े।

इसके साथ ही उन्होंने यह भी घोषणा की विधवा महिला के दोनों बच्चों की शिक्षा-दीक्षा का पूरा खर्च वे स्वयं वहन करेंगे, और यह जिम्मेदारी तब तक निभाएंगे जब तक दोनों बच्चे कक्षा 12वीं तक अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर लेते।

यदि समाज के लोग इसी प्रकार सहयोग और संवेदनशीलता के साथ आगे आएं तो कोई भी गरीब या असहाय परिवार शिक्षा और जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं से वंचित नहीं रहेगा।

यह पहल समाज में मानवता, सहयोग और सामाजिक जिम्मेदारी का एक सकारात्मक संदेश देने वाली है, जिसकी स्थानीय नागरिकों द्वारा सराहना की जा रही है। जो समाज में मानवता, सहयोग और सामाजिक जिम्मेदारी का एक सकारात्मक संदेश देती है। दिगराज सिंह शाहपुरा की इस पहल से न केवल उस परिवार को मदद मिलेगी, बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी जाएगा। उनकी इस सेवा भावना को देखकर और भी लोग प्रेरित होंगे और समाज सेवा में आगे आएंगे।

# कमर्शियल गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमत और सप्लाई संकट से परेशान रेस्टोरेंट संचालक



स्मार्ट हलचल|पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा में कमर्शियल गैस सिलेंडर के बढ़ते दाम और समय पर सप्लाई नहीं मिलने की समस्या का सीधा असर रेस्टोरेंट और होटल कारोबार पर देखने को मिल रहा है। इसके कारण शहर के रेस्टोरेंट संचालकों के व्यापार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

इसी को लेकर भीलवाड़ा फूड व्यापार मंडल के पदाधिकारी जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे और जिला कलेक्टर व रसद विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में रेस्टोरेंट संचालकों को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाने की मांग की गई है।

फूड व्यापार मंडल के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण व्यास ने बताया कि कमर्शियल गैस सिलेंडर के बढ़ते दाम और समय पर सप्लाई नहीं मिलने की समस्या का सीधा असर रेस्टोरेंट और होटल कारोबार पर पड़ रहा है। रेस्टोरेंट में गैस सिलेंडरों की अनुपलब्धता के कारण व्यवसाय बंद होने का खतरा मंडराने लगा है।


उन्होंने बताया कि रेस्टोरेंट में सैकड़ों स्टाफ सदस्य कार्यरत हैं, जिनका रोजगार इसी व्यवसाय पर निर्भर है। यदि रेस्टोरेंट और फूड कारोबार प्रभावित होता है तो इससे जुड़े व्यापारी, कर्मचारी और प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हजारों लोगों के रोजगार पर संकट आ सकता है।

व्यास ने कहा कि पहले से ही व्यापारिक और वैश्विक मंदी के कारण उनकी आर्थिक स्थिति पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में गैस सिलेंडरों की कमी ने परेशानी और बढ़ा दी है।

इसलिए फूड व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने जिला कलेक्टर और रसद विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि रेस्टोरेंट संचालकों को प्रतिदिन गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाए जाएं, ताकि उनका व्यवसाय सुचारु रूप से संचालित हो सके।

# मानवता के रत्न अवॉर्ड-2025 से सम्मानित होंगे सी एल मीना

स्मार्ट हलचल



**जयपुर।** किशनगढ़ एयरपोर्ट (अजमेर)पर कार्यरत सी एल मीना अपने शिक्षा,सामाजिक व पर्यावरण बचाओ जैसे कार्यों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर देशभर से आए विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यों के लिए चुनिंदा लोगों के बीच 22 मार्च(रविवार) जयपुर में मानवता के रत्न अवॉर्ड-2025 से सम्मानित होंगे।

अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधित्व प्राप्त वूमेन पावर संस्थान जयपुर (राज.) द्वारा उत्कृष्ट व सराहनीय कार्यों के लिए के लिए शिक्षा व सामाजिक सेवा में सराहनीय कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने वाले श्री सी एल मीना को जयपुर में अयोजित आयोजित समारोह में मानवता के रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

सी एल मीना ने बताया कि यह सम्मान मेरे सामाजिक कार्यों और जनहित के प्रति किए गए संघर्षों को समर्पित है। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए संस्थान के राष्ट्रीय संयोजक संतोष मीरवाल का हृदय से आभार जताया। यह सम्मान मुझे निरंतर समाज सेवा की नई प्रेरणा देता रहेगा।

सी एल मीना को यह सम्मान गरीब बच्चों की शिक्षा एवं समाजसेवा में उनके निरंतर समर्पित व प्रेरणादायक उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किया जाएगा।

मीना सामाजिक कार्यों व जरूरतमंद/असहाय, गरीब बच्चों को अपनी सैलरी का अधिकतर हिस्सा इन्हीं कार्यों में खर्च कर लंबे समय से सक्रिय भूमिका निभा रहे है, उनके इन कार्यों से गरीब बच्चों को एक नई दिशा मिली है, विभिन्न सामाजिक संगठनों ने उन्हें इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी।

### सीएल मीना की पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अनोखी पहल

संस्थान के फाउंडर संतोष ने बताया कि सी एल मीना सामाजिक सरोकारों के साथ अपनी साइकिल यात्रा से पर्यावरण बचाओ के लिए अब तक 13 राज्यों में 19000 हजार किमी की यात्रा कर जागरूकता व पर्यावरण को बचाने का संदेश दे चुके है। मीना बताते है है कि हमारे पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाकर ही आने वाली पीढ़ियों के लिए सुनहरा भविष्य खड़ा कर सकते है, अन्यथा धीरे धीरे फैलती जहरीली गैसों के आवरण से सांस लेना मुश्किल हो जाएगा।

# सिलेंडर 25 दिन बाद बुकिंग के 2-3 दिन में गैस सिलेंडर



स्मार्ट हलचल|हरिप्रसाद शर्मा

**पुष्कर/ अजमेर।** घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति पूरी तरह सुचारू है तथा किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। यह जानकारी देते हुए उपखंड अधिकारी गुरु प्रसाद तंवर ने बताया कि उपभोक्ता सिलेंडर प्राप्त होने के 25 दिन बाद अगली बुकिंग कर सकते हैं तथा बुकिंग के 2-3 दिन में गैस सिलेंडर की डिलीवरी कर दी जायेगी। सभी गैस एजेंसियों को डोरस्टेप डिलीवरी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। उन्होंने आमजन से अनुरोध किया है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें।

# शादी का झांसा देकर युवक नगदी जेवरात सहित युवती को लेकर फरार

स्मार्ट हलचल| खखरेरू/ फतेहपुर

थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती को गांव का ही रहने वाला युवक शादी का झांसा देकर जेवरात नगदी सहित युवती को लेकर फरार हो गया। युवती के पिता ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि 10 मार्च की रात लगभग 1:00 बजे गांव का ही रहने वाला योगेश पुत्र माता बदल उर्फ गपोचे उम्र लगभग 30 वर्ष उसकी 18 वर्षीय पुत्री को शादी का झांसा देकर भाग ले गया। युवती के पिता ने आगे बताया कि उनकी लड़की घर में रखें 45000 रुपए नगद और सोने चांदी के जेवर अपने साथ लेकर गई है जिसमें सोने के कान के बाली एक सोने का लॉकेट और चांदी की दो पायल शामिल है। पीड़ित ने युवक के विरोध तहरीर देकर अपनी पुत्री की सकुशल ब्रांड की की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी विद्या प्रकाश सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# अलीगढ़ थाना क्षेत्र में कानून-शांति व्यवस्था को मजबूत करने उतरी रैपिड एक्शन फोर्स-संवेदनशील इलाकों का किया गहन सर्वे

स्मार्ट हलचल

**टोंक/अलीगढ़।** केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर जयपुर (राजस्थान) में तैनात रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की 83वीं बटालियन द्वारा जिले के उनियारा सर्किल अन्तर्गत अलीगढ़ थाना क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से परिचयात्मक अभ्यास (फैमिलियराइजेशन एक्सरसाइज) किया गया।

कंपनी कमांडेंट कुलदीप कुमार जैन के मार्गदर्शन और सहायक कमांडेंट जयसिंह के नेतृत्व में रैपिड एक्शन फोर्स की टीम 10 मार्च से 14 मार्च 2026 तक जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों का दौरा कर रही है। इसी क्रम में गुरूवार, 12 मार्च को अलीगढ़ थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी राजकुमार चौधरी पुलिस निरीक्षक एवं सहायक उप निरीक्षक भंवरलाल मीणा मय पुलिस टीम कॉन्स्टेबल रामप्रसाद मीणा, कांस्टेबल तुलसीराम जाट के साथ संयुक्त रूप से क्षेत्र का भ्रमण किया गया। इस दौरान रैपिड




एक्शन फोर्स और स्थानीय अलीगढ़ थाना पुलिस ने क्षेत्र की जनसंख्या, सामुदायिक दृष्टि से संवेदनशील स्थानों, महत्वपूर्ण व्यक्तियों की सुरक्षा व्यवस्था तथा संभावित बलवाइयो-प्रभावित क्षेत्रों का विस्तृत आकलन किया। साथ ही राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों से जुड़ी जानकारी भी एकत्रित की गई ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की साम्प्रदायिक तनाव, दंगा या प्राकृतिक आपदा की स्थिति में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की जा सके। अभ्यास के दौरान पूरे क्षेत्र का सांकेतिक मानचित्र भी तैयार किया जा रहा है, जिससे किसी भी आपात स्थिति में निर्धारित स्थानों तक सुरक्षा बलों की त्वरित पहुंच सुनिश्चित की जा सके। रैपिड एक्शन फोर्स द्वारा इस तरह का परिचयात्मक अभ्यास समय-समय पर किया जाता है, जिससे स्थानीय परिस्थितियों, सामाजिक वातावरण और संभावित जोखिमों का गहन अध्ययन कर शांति व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलती है। इस अवसर पर क्षेत्र भ्रमण के दौरान रैपिड एक्शन फोर्स के निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह, निरीक्षक नेमीचंद सहित अन्य अधीनस्थ अधिकारी और जवान मौजूद रहे। वहीं इसी क्रम में उनियारा थाना क्षेत्र के कस्बा उनियारा सहित क्षेत्र में भी रैपिड एक्शन फोर्स द्वारा क्षेत्रीय भ्रमण किया गया।

# महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बायतु में प्रवेश प्रक्रिया 14 मार्च से

स्मार्ट हलचल

बायतु। महात्मा गांधी राजकीय स्कूल पुराना गांव बायतु में नए शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया 14 मार्च से शुरू होगी।

प्राचार्य अतरसिंह यादव ने बताया कि स्कूल में प्रवेश के लिए 14 मार्च से ऑनलाइन आवेदन शुरू होंगे। इच्छुक अभिभावक शाला दर्पण पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 23 मार्च निर्धारित की गई है। प्राचार्य ने बताया कि प्राप्त सभी आवेदनों में से विद्यार्थियों का चयन 25 मार्च को लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों की सूची स्कूल के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाएगी, ताकि अभिभावक आसानी से जानकारी प्राप्त कर सके।

स्कूल प्रशासन ने प्रवेश प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से पूरा करने के लिए अध्यापक मूलाराम माचरा को प्रवेश प्रभारी नियुक्त किया है। वहीं अध्यापक कमलेश कुमार व कुमारी शांति को सह प्रभारी बनाया गया है। स्कूल प्रशासन ने अभिभावकों से अपील की है कि प्रवेश प्रक्रिया व ऑनलाइन आवेदन से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए वे स्कूल समय में स्कूल आकर भी संपर्क कर सकते हैं।

# विभागों के तालमेल की कमी से उखड़ी 3 करोड़ की सड़क, बाजार में टाइलों के ढेर से बढ़ा हादसों का खतरा

स्मार्ट हलचल

**नारायणपुर।** कस्बे के मुख्य बाजार से गुजर रहे स्टेट हाईवे-52 पर सरकारी विभागों के बीच तालमेल की कमी का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। करीब 20 दिन पहले जलदाय विभाग ने नई पाइपलाइन डालने का हवाला देते हुए पीडब्ल्यूडी की बिना अनुमति के जेसीबी चलाकर करीब 3 करोड़ रुपये की लागत से बनी सड़क को जगह-जगह से उखाड़ दिया। नगरपालिका कार्यालय के सामने से लेकर पुरुषोत्तमदास तिराहे तक इंटरलॉकिंग टाइलों को हटाकर सड़क किनारे उनके ढेर लगा दिए गए हैं, जो अब राहगीरों और वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बन गए हैं। स्थिति यह है कि सड़क





किनारे पड़े टाइलों के ढेर से रास्ता संकरा हो गया है, जिससे आए दिन हादसों का खतरा बना हुआ है। मुख्य बाजार क्षेत्र में होने के कारण यहां दिनभर लोगों और वाहनों की आवाजाही रहती है, लेकिन सड़क की बदहाल स्थिति के कारण लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि दुकानों के सामने मलबा और टाइलें पड़े होने से ग्राहकों को आने-जाने में दिक्कत हो रही है, जिससे व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। हैरानी की बात यह है कि इस गंभीर लापरवाही की ओर न तो पीडब्ल्यूडी विभाग ध्यान दे रहा है और न ही जलदाय विभाग अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है। स्थानीय निवासियों और दुकानदारों ने बताया कि इस समस्या को लेकर दोनों विभागों को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से जलदाय विभाग को नोटिस देकर भी सूचित किया गया था, इसके बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। जलदाय विभाग के एक्सईएन सुदर्शन ने बताया कि शुक्रवार को स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेंगे और क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत का कार्य जल्द शुरू करवाने का आश्वासन दिया है। फिलहाल प्रशासन की इस सुस्ती को लेकर क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

# राजेन्द्र विश्वनाथ अर्लेकर ने तमिलनाडु के 27वें राज्यपाल के रूप में ली शपथ

## चेन्नई के भारतीयर मंडपम में आयोजित समारोह; मद्रास हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने दिलाई शपथ, मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन सहित कई गणमान्य रहे मौजूद

स्मार्ट हलचल | चेन्नई

राजेन्द्र विश्वनाथ अर्लेकर ने चेन्नई स्थित भारतीयर मंडपम, लोक भवन में आयोजित एक गरिमामय समारोह में तमिलनाडु के 27वें राज्यपाल के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। उन्हें मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी ने शपथ दिलाई।

शपथ ग्रहण समारोह में एम. के. स्टालिन सहित राज्य सरकार के कई मंत्री, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर राज्यपाल की धर्मपत्नी अनघा अर्लेकर भी मंच पर मौजूद रहीं।



समारोह के दौरान उपस्थित लोगों ने राज्यपाल अर्लेकर को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

समारोह पूरी तरह गरिमामय वातावरण में आयोजित हुआ, जहां संवैधानिक परंपराओं का पालन करते हुए शपथ ग्रहण की प्रक्रिया पूरी की गई। शपथ लेने के बाद राज्यपाल अर्लेकर ने संविधान के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त करते हुए राज्य की जनता के हित में कार्य करने का संकल्प लिया। राजनीतिक और प्रशासनिक क्षेत्र के जानकारों का मानना है कि अर्लेकर के अनुभव का लाभ राज्य के प्रशासनिक और संवैधानिक कार्यों में मिलेगा। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, न्यायपालिका से जुड़े प्रतिनिधि और अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

समारोह के बाद राज्यपाल ने उपस्थित अतिथियों से मुलाकात की और उनके अभिवादन स्वीकार किए। इस अवसर पर पूरे आयोजन स्थल पर औपचारिक और गरिमामय माहौल देखने को मिला।

# जर्जर सड़क से ग्रामीण परेशान

## ढ़ाकला मोड़ से बानसूर तक गड्ढों में तब्दील मार्ग



स्मार्ट हलचल | बानसूर

क्षेत्र के ग्राम ढाकला और डाबरिया सहित आसपास की कई ढाणियों को पंचायत समिति मुख्यालय बानसूर से जोड़ने वाली सड़क इन दिनों बेहद जर्जर हालत में है। ढाकला मोड़ से बानसूर तक का यह मार्ग जगह-जगह गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुका है, जिससे ग्रामीणों को रोजाना भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के बाद सड़क की स्थिति और अधिक खराब हो जाती है। गड्ढों में पानी भर जाने से सड़क तालाब जैसी दिखाई देती है, जिससे वाहन चालकों को रास्ता पहचानना भी मुश्किल हो जाता है। इस मार्ग से बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, मरीज, किसान और दिहाड़ी मजदूर प्रतिदिन आवागमन करते हैं, लेकिन कीचड़ और गहरे गड्ढों के कारण उनका सफर जोखिम भरा हो गया है।

खराब सड़क के कारण कई बार वाहन फंस जाते हैं या फिसलकर गिर जाते हैं, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से सड़क की मरम्मत नहीं होने के कारण समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से जल्द सड़क की मरम्मत कर आमजन को राहत पहुंचाने की मांग करी है।

# बायतु में मार्च में ही तपिश बढ़ी: 37 डिग्री तापमान, बढ़ी गर्मी

स्मार्ट हलचल

**बायतु।** क्षेत्र में गुरुवार को मौसम ने अचानक गर्म तेवर दिखाए। दिनभर तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों को कड़ी गर्मी का सामना करना पड़ा। गुरुवार को अधिकतम तापमान लगभग 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, लेकिन दोपहर के समय तेज धूप और गर्म लू के कारण लोगों को वास्तविक तापमान से कहीं अधिक गर्मी महसूस हुई।

दोपहर के समय बाजारों और सड़कों पर चहल-पहल कम नजर आई। तेज धूप और गर्म हवा के कारण लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकले। ग्रामीण क्षेत्रों में भी गर्म हवाओं का असर साफ दिखाई दिया और लोग छांव का सहारा लेते नजर आए। स्थानीय लोगों का कहना है कि मार्च महीने में ही इस तरह की गर्मी पड़ना असामान्य लग रहा है।



दोपहर के समय चल रही गर्म लू के कारण घरों के अंदर भी गर्मी का असर महसूस हुआ और ठंडी हवा का अभाव रहा।

कृषि कार्य करने वाले किसानों और मजदूरों को भी तेज गर्मी के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर लोग सिर पर कपड़ा या साफा बांधकर गर्मी से बचाव करते दिखाई दिए।

मौसम के बदले मिजाज को देखते हुए चिकित्सकों ने भी लोगों को दोपहर के समय अनावश्यक बाहर नहीं निकलने तथा पर्याप्त पानी पीने की सलाह दी है। यदि इसी तरह तापमान में बढ़ोतरी जारी रही तो आने वाले दिनों में गर्मी और अधिक तेज होने की संभावना जताई जा रही है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार महिला शिक्षिका की मौत




स्मार्ट हलचल | बानसूर

क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूटी सवार महिला शिक्षिका की मौत हो गई। हादसा अलवर रोड पर भूपसेड़ा के पास भगता की ढाणी के नजदीक सुबह करीब 5 बजे हुआ, जहां अज्ञात वाहन ने पीछे से स्कूटी को टक्कर मार दी। मृतका की पहचान रीना चौधरी निवासी कल्याण नगर (लाडपुर) के रूप में हुई है। वह दिल्ली के केंद्रीय विद्यालय में शिक्षिका थीं। जानकारी के अनुसार रीना गुरुवार सुबह अपने घर से स्कूटी पर सवार होकर बानसूर जा रही थीं, जहां से उन्हें दिल्ली ड्यूटी के लिए निकलना था। इसी दौरान पीछे से आए एक अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना की सूचना पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और निशुल्क रोटी बैंक एम्बुलेंस की मदद से उन्हें बानसूर उप जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है।

# मेले की तैयारी के दौरान सरपंच पति से मारपीट, मामला दर्ज




स्मार्ट हलचल | बानसूर


क्षेत्र के हरसौरा थाना इलाके के ग्राम पंचायत ईशरा का बास में सरपंच के पति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने हरसौरा थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। मदनलाल मेघवाल ने बताया कि उनकी पत्नी सुमित्रा देवी ईशरा का बास की सरपंच हैं। बुधवार शाम को वे गांव में लगने वाले मेले के लिए आम रास्ते की सफाई करवा रहे थे। इसी दौरान गुरुदयाल गुर्जर, हनुमान गुर्जर सहित कुछ अन्य लोग वहां पहुंचे और उनके साथ गाली-गलौच करने लगे। विवाद बढ़ने पर गुरुदयाल गुर्जर ने मदनलाल पर हमला कर दिया, जिससे उनके सिर में चोट लग गई। हमले के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# टिक्सी मंदिर की जमीन पर अवैध हॉल निर्माण पर प्रशासन की रोक

## एसडीएम सदर की कार्रवाई, महंत से नहीं दिखे कोई कागजात; मंदिर की जमीन पर अधिकार को लेकर बढ़ा विवाद







स्मार्ट हलचल | इटावा

जनपद केऐतिहासिक चर्चित टिक्सी महादेव मंदिर की जमीन पर अवैध निर्माण को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। मंदिर के मंच व दुकान के ऊपर हॉल के निर्माण की शिकायत मिलने पर एसडीएम सदर ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगा दी। जांच के दौरान महंत शैलेन्द्र मिश्रा निर्माण कार्य से संबंधित कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। स्थानीय लोगों के अनुसार शैलेन्द्र मिश्रा को केवल तीन वर्ष के लिए मंदिर में पूजा-आरती कराने के उद्देश्य से रखा गया था, लेकिन उन्होंने मंदिर की भूमि पर अपने अधिकार जताते हुए निर्माण कार्य शुरू करा दिया। आरोप है कि मंदिर के मुख्य गेट के पास स्थित खाली फील्ड में दुकानों के ऊपर बने मंच को हटाकर वहां हॉल का निर्माण कराया जा रहा था।

सूत्रों के अनुसार निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने के लिए बड़ी संख्या में लेबर और मिस्त्री लगाए गए थे। आसपास के लोगों को जब निर्माण पर संदेह हुआ तो उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत कर दी। शिकायत के बाद एसडीएम सदर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और लेखपाल की टीम मौके पर पहुंची और निर्माण कार्य रुकवा दिया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि मंदिर और उससे जुड़ी जमीन उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व विभाग लखनऊ के अधीन बताई जाती है। जिसके दो बोर्ड भी लगाये गए है। इसके बावजूद इसे निजी जमीन बताकर कथित रूप से किराये पर देने के उद्देश्य से हॉल का निर्माण कराया जा रहा था। यही नहीं मंदिर की ऐतिहासिक दीवारों पर भी रत्न, रुद्राक्ष और कुंडली निर्माण से जुड़े पोस्टर लगाए गए हैं। आरोप है कि मंदिर परिसर में निजी स्कूलों के बोर्ड भी लगाए गए हैं, जिससे मंदिर परिसर का स्वरूप प्रभावित हो रहा है।

जब मीडियाकर्मियों ने महंत शैलेन्द्र मिश्रा से निर्माण कार्य के संबंध में पूछताछ की तो वह कोई कागजात नहीं दिखा सके। बताया जाता है कि उन्होंने मीडियाकर्मियों से कहा, 'तुम्हें जो खबर चलानी हो चला दो, मैं संघ से जुड़ा हूँ, 20 लोगों को तुम्हारे पीछे लगा दूंगा। मेरे पास कोई कागज नहीं है, मैं तो शिवशंकर तिवारी के कहने पर निर्माण करवा रहा हूँ।' इसके बाद वह 'वीडियो बना लो' कहते हुए वहां से चले गए। वहीं कैलाश उन्नत कारणी ट्रस्ट के सचिव शिव शंकर तिवारी का कहना है कि संबंधित जमीन ट्रस्ट की संपत्ति है और सभी सदस्यों की सहमति से निर्माण कराया जा रहा था। हालांकि ट्रस्ट को जमीन कब और किसके द्वारा दी गई, इस संबंध में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्षों से वहां ट्रस्ट का कोई बोर्ड भी नहीं लगा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि मंदिर और उससे जुड़ी जमीन को लेकर निजीकरण और कब्जे की आशंका पैदा हो गई है। लोगों ने प्रशासन और राजस्व विभाग से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है, ताकि मंदिर की जमीन और प्रबंधन की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके।

# देश के गौरव व साँस्कृतिक पहचान के रूप में विक्रम संवत्सर को मनाए

स्मार्ट हलचल | कोटा

प्रबुद्धजन विचार मंच की ओर से भारतीय विक्रम संवत्सर 2083 नववर्ष पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन एक निजी स्कूल बसंत विहार में किया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा शहर जिला के पूर्व उपाध्यक्ष नेता खण्डेलवाल, विशिष्ट अतिथि किसान नेता एवं हाड़ौती पर्यावरण संरक्षण समिति के संभागीय अध्यक्ष श्याम मनोहर हरित, अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता शशिकर शर्मा थे । मुख्य अतिथि नेता खण्डेलवाल ने अपने विचार प्रकट करते हुए बताया की संवत्सर के पांच प्रकार यानि की सौर, चंद्र, नक्षत्र, सावन और अधिमास होता है और विक्रम संवत में इन सभी का समावेश होता है, यह हिंदू नववर्ष राजा विक्रमादित्य के काल में भारतीय वैज्ञानिकों ने हिंदू पंचांग के आधार पर भारतीय कैलेंडर बनवाया था, इस कैलेंडर की शुरूआत चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से मानी जाती है, इसलिए इसे नव संवत्सर भी कहा जाता है । विशिष्ठ अतिथि श्याम मनोहर हरित ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा की आज के दिन ब्रम्हा जी ने सृष्टि की रचना की थी, और इस समय प्रकृति में परिवर्तन होता है, फसलें पक जाती है, सारी सृष्टि चैतन्य से भरी हुई होती है, इसलिए हमें इस नव संवत्सर को देश के गौरव एवं सांस्कृतिक पहचान के रूप में मनाना चाहिए । कार्यक्रम संचालन करते हुए पुरूषोत्तम अजमेरा ने कहा की हमारी नई पीढ़ी नववर्ष अंग्रेजों के द्वारा रचित एक जनवरी को मनाते है, युवाओं को हमारी सांस्कृतिक पहचान वाले इस भारतीय नववर्ष के बारे में जानकारी देनी चाहिए । अध्यक्षता कर रहे शशिकर शर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रबुद्धजनों को हार्दिक धन्यवाद दिया, इस कार्यक्रम में पुरूषोत्तम अजमेरा, वीरेन्द्र सिंह राठौर, श्याम मनोहर हरित, नेता खण्डेलवाल, शशिकर शर्मा सहित उपस्थित प्रबुद्धजनों जिसमें निर्मला गोचर, सुरेखा राठौर, सूरज सांवरिया, भैरूलाल सुमन, सोनम मीणा, विजयंती हास्या, तारा, मेघा सुमन, शैला मेहरा, पवन गौड़ ने भी अपने-अपने विचार प्रकट किये, कार्यक्रम का संचालन प्रबुद्धजन विचार मंच के संयोजक पुरूषोत्तम अजमेरा ने किया ।

# सूरौठ में शिव परिवार के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के शुभारंभ पर बैंड बाजे के साथ निकाली कलश यात्रा

स्मार्ट हलचल | सूरौठ

कस्बे में बाबडी पट्टी के पास स्थित भोलेनाथ के मंदिर में चतुर्वेदी परिवार की ओर से करवाए जा रहे शिव परिवार के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के शुभारंभ पर गुरुवार को कस्बे में बैंड बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर प्रतिमाओं को नगर भ्रमण कराया गया। कलश यात्रा में काफी संख्या में महिलाएं एवं धर्म प्रेमी लोग शामिल हुए।

लोगों ने बताया कि कस्बा निवासी अरविंद चतुर्वेदी, जगदीश चतुर्वेदी, शैलेंद्र चतुर्वेदी एवं राजेंद्र चतुर्वेदी की ओर से मंदिर में शिव परिवार एवं संतोषी माता की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा करवाई जा रही है। आचार्य पंडित रामवतार शर्मा बाई जट्ट एवं ब्रह्मानंद सहारिया खेड़ी हैवत सहित कई पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम शुरू किया। कलश यात्रा सुबह 11 बजे बाबडी पट्टी के पास स्थित शिवालय से शुरू हुई तथा नेहरू स्कूल, मरघट चौराहा, मस्जिद तिराहा, पुलिस चौकी सर्किल, बाजार व मुख्य चौराहे से होती हुई शिव मंदिर पहुंची। कलश यात्रा का कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया गया। कलश यात्रा में महिलाओं एवं धर्म प्रेमी लोगों ने धार्मिक धुन पर नृत्य किया। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 14 मार्च तक चलेगा। इस अवसर पर कई धार्मिक



कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 14 मार्च को हवन, पूर्णाहुति एवं प्रसादी वितरण क साथ प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। कलश यात्रा में सुरेश चतुर्वेदी, ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल पाराशर, नंदा सोनी, डॉ घनश्याम व्यास, प्रमोद तिवाड़ी, वेद प्रकाश शर्मा, गुड्डू चतुर्वेदी, गोपाल महंत, मोनू शर्मा, पिंटन शर्मा, दीना पराशर, लक्ष्मण सोनी सहित काफी धर्म प्रेमी लोग शामिल हुए।

# भाजपा की डबल इंजन सरकार में नारकोटिक्स विभाग हुआ बेलगाम

## सांसद एवं विधायक बने मूक दर्शक: जाड़ावत

स्मार्ट हलचल | ओम जैन

**शंभूपुरा।** राजस्थान सरकार के पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत ने नारकोटिक्स विभाग के द्वारा की जा रही किसानों के घर छापेमारी को लेकर एक बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार में नारकोटिक्स विभाग बेलगाम हो गया है।



उन्होंने कहा कि अभी अफीम की चिराई चल रही है अगले महीने तौल केंद्र शुरू होगा उससे पहले किसानों के घर छापेमारी करना एक तानाशाही है अगर किसान तौल कराने के बाद औसत से ज्यादा अफीम भी जमा करवाता है उसके बाद बचे तो वो अपराधी है किंतु संग्रहण करने से पहले किसानों पर झूठी कार्यवाही कर उनको परेशान करने के नाम पर छापेमारी करना न्याय संगत नहीं है 2014 से पहले मनमोहन सरकार उस समय कभी भी नारकोटिक्स विभाग बेलगाम नहीं हुआ था किन्तु वर्तमान में इसको लेकर पुलिस अधीक्षक भी मौन है कानून व्यवस्था उनके हाथ में है किसानों के घर हो रही छापेमारी को लेकर इनको संज्ञान लेना चाहिए ऐसा प्रतीत होता है कि अफीम डिपार्टमेट बिचौलिए के मार्फत भ्रष्टाचार कर रहा है, भाजपा सांसद एवं विधायक मूक दर्शक बने हुए है अफीम किसान की परेशानी इनको दिखाई नहीं दे रही है। पूर्व राज्यमंत्री ने किसानों द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आव्हान किया है।


# पूर्व मंत्री उदयलाल आंजना की अनुशंसा पर निंबाहेड़ा में ओबीसी कांग्रेस संगठन को मिली नई मजबूती

स्मार्ट हलचल | निंबाहेड़ा

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा एवं कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष हर सहाय यादव द्वारा संगठनात्मक विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण के तहत निंबाहेड़ा क्षेत्र में नई नियुक्तियों की घोषणा की गई है। यह नियुक्तियां राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना की अनुशंसा पर की गई हैं।

जारी नियुक्ति आदेश के अनुसार प्रहलाद गुर्जर (सरथल) को निंबाहेड़ा ओबीसी ब्लॉक कांग्रेस विभाग का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। वहीं मुकेश माली को उनके संगठनात्मक अनुभव एवं सक्रियता को देखते हुए निंबाहेड़ा ओबीसी नगर कांग्रेस का पुनः अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

इसके साथ ही चित्तौड़गढ़ जिला कांग्रेस ओबीसी विभाग की जिला



कार्यकारिणी में भी कई पदाधिकारियों को मनोनीत किया गया है। जिला कार्यकारिणी में सरपंच रमेश धाकड़ (डोरिया) एवं मनोहर जाट (मांगरोल) को जिला उपाध्यक्ष, दुर्गाशंकर कुमावत (बिनोता), प्रकाश अहीर (मेलाना) एवं प्रहलाद जाट (रठांजना) को जिला महासचिव बनाया गया है। इसी क्रम में बापूलाल गायरी (गादोला), नानालाल डांगी (सतखंडा) एवं खेमराज कालू कुमावत (निंबाहेड़ा) को जिला सचिव पद पर मनोनीत किया गया है।

प्रदेश अध्यक्ष हर सहाय यादव तथा चित्तौड़गढ़ ओबीसी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गेहरू गिरी ने सभी नवमनोनीत पदाधिकारियों से अपेक्षा व्यक्त की है कि वे कांग्रेस पार्टी की रीति-नीति, विचारधारा एवं संगठनात्मक मूल्यों के अनुरूप कार्य करते हुए ओबीसी समाज को कांग्रेस पार्टी से जोड़ने तथा संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। पूर्व मंत्री उदयलाल आंजना ने सभी नवमनोनीत पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में निंबाहेड़ा क्षेत्र में ओबीसी कांग्रेस संगठन और अधिक सशक्त एवं सक्रिय होगा तथा कांग्रेस की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।



# चिलचिलाती गर्मी ने कर दिया है परेशान तो इन जगहों पर घूमें

**जब** गर्मी का मौसम आता है तो मन करता है कि किसी ठंडी जगह पर जाकर रहा जाए। चिलचिलाती गर्मी सिर्फ तन को ही नहीं, मन को भी झिंझोड़कर रख देती हैं। ऐसे में समर वेकेशन में हम सभी किसी कूलिंग प्लेस पर जाना चाहते हैं। वैसे इस मौसम में घूमने के स्थान का चयन बेहद सोच-समझकर करना चाहिए। तो चलिए आज हम आपको कुछ ऐसी जगहों के बारे में बता रहे हैं, जहां पर आप गर्मी के दिनों में कुछ रिलैक्सिंग पल बिता सकते हैं-

## शिमला

भारत में गर्मी का मौसम बिताने के लिए शिमला एक आदर्श स्थान है। हिमाचल प्रदेश में इसे 'हिल स्टेशनों की रानी' कहा जाता है। यहां की जलवायु के कारण ही ब्रिटिश उपनिवेश यहां हर गर्मियों में बसते थे। कई आवास विकल्प हैं, और आश्चर्य है।

### शिमला में करने के लिए चीजें:

- कालका से शिमला के लिए टॉय ट्रेन की सवारी करें।
- व्हाइट वाटर राफ्टिंग करें।
- खाने, खरीदारी करने और आनंद लेने के लिए माल रोड के आसपास घूमें।
- मॉल के पास खूबसूरत क्राइस्ट चर्च की सैर करें।
- जाखू हनुमान मंदिर तक ट्रेक करें।
- वाइसरीगल लॉज, क्राइस्ट चर्च आदि की ब्रिटिश वास्तुकला का अन्वेषण करें।
- कुफरी, चैल और मशोबरा की यात्रा, खूबसूरत पहाड़ी पर्यटन स्थल को एक्सप्लोर करें।

## मनाली

भारत में लोकप्रिय ग्रीष्मकालीन अवकाश स्थलों में से एक, हिमाचल प्रदेश में मनाली में प्राकृतिक सुंदरता, और रोमांच का बेहतरीन संगम है। सुरम्य शहर बर्फ से ढकी पर्वत चोटियों और ब्यास नदी द्वारा पोषित हरियाली से घिरा हुआ है। आपकी छुट्टी का मुख्य आकर्षण रोहतांग दर्रे पर बर्फ का आनंद लेना है।

### मनाली में करने के लिए चीजें:

- हडिम्बा मंदिर, वन विहार हिमालयन निंगमापा गोम्पा मठ, क्लब हाउस आदि जगहों के दर्शनीय स्थल।
- सोलंग घाटी में साहसिक खेलों में शामिल हों।
- बर्फ का मजा लेने के लिए रोहतांग दर्रे पर जाएं।
- ब्यास नदी में रिवर राफ्टिंग करें।
- कुल्लू, मणिकरण गुरुद्वारा, जोगिनी जलप्रपात, अर्जुन गुफा, भृगु झील और वशिष्ठ हॉट-वाटर स्प्रिंग्स की यात्रा करें।
- सेब के बागों में जाएं।
- कैम्पिंग और ट्रेकिंग।

## दार्जिलिंग

पश्चिम बंगाल में दार्जिलिंग उत्तर पूर्व में लोकप्रिय समर हॉलिडे गेटवे में से एक है। हरी चाय के बागानों से घिरा, पहाड़ी शहर एक आरामदायक गर्मी की छुट्टी के लिए एकदम सही है। प्रकृति और मनुष्य द्वारा बनाए गए सुंदर स्थलों को एक्सप्लोर करें। मठों में तिब्बती जड़ों के बारे में जानें। मनोरंजक व्यवहार, खरीदारी और बहुत कुछ में शामिल हों।

### दार्जिलिंग में करने के लिए चीजें:


- पहाड़ी शहर में जाने के लिए टॉय ट्रेन की सवारी करें।
- बतासिया लूप और गोरखा युद्ध स्मारक में आनंद लें।
- हैप्पी वैली टी एस्टेट में चाय बागानों को एक्सप्लोर करें।
- टाइगर हिल से राजसी सूर्योदय देखें।
- पद्मजा नायडू जूलॉजिकल पार्क में वन्यजीवों को एक्सप्लोर करें।
- माल रोड पर खरीदारी करें।

## मुन्नार

भारत का अपना देश कहा जाने वाला केरल भारत में लोकप्रिय हॉलिडे डेस्टिनेशन में से एक है। पश्चिमी घाट की हरी-भरी गोद में बसा मुन्नार गर्मी बढ़ने पर एक सुखद पलायन है। अपने खूबसूरत नजारों, चाय के बागानों, अनोखे वनस्पतियों और जीवों, मसालों की सुगंध और सुहावने मौसम के लिए प्रसिद्ध है।

### मुन्नार में करने के लिए चीजें:

- चाय बागानों की हरी-भरी सुंदरता का आनंद लें।
- कुंडला झील, इको पॉइंट और एलिफेंट लेक पर जाएं।
- अनामुडी पीक के लिए ट्रेक करें
- टाटा टी म्यूजियम को एक्सप्लोर करें।
- ट्री हाउस में रहें।
- इको पॉइंट तक ट्रेकिंग, माउंटेन बाइकिंग, कुंडला झील में शिकारा की सवारी।
- कार्मेलागिरी हाथी पार्क में हाथी सफारी।



# सोलो ट्रेवलिंग पर जा रहे हैं तो इन बातों का रखें ध्यान

**ट्रेवलिंग** करने का अपना एक अलग ही आनंद है। यूं तो लोग अधिकतर अपने दोस्तों, परिवार या रिश्तेदारों के साथ ट्रेवलिंग करना अधिक पसंद करते हैं, लेकिन पिछले कुछ समय से सोलो ट्रेवलिंग का चलन भी काफी बढ़ा है। सोलो ट्रेवलिंग से व्यक्ति के मन में एक गजब का आत्मविश्वास आता है, हालांकि यह कभी-कभी रिस्की भी हो सकता है। इतना ही नहीं, अनजान शहर में जब आप कभी अकेले फंस जाते हैं तो आपको काफी परेशानी भी झेलनी पड़ सकती है। इसलिए जरूरी है कि सोलो ट्रेवलिंग से पहले आप इसकी पूरी तैयारी कर लें, ताकि आपका यह सफर स्ह्वद्धद्दह्र ना बन जाए। तो चलिए जानते हैं कि सोलो ट्रेवलिंग के दौरान किन बातों का खास ख्याल रखा जाए-

## अच्छी तरह करें रिसर्च

यह सोलो ट्रेवलिंग का सबसे पहला और महत्वपूर्ण नियम है। जब आप अकेले घूमने का प्लॉन कर रहे हैं तो पहले इंटरनेट के माध्यम से उस जगह के बारे में अच्छी तरह जान लें। साथ ही आप जिस होटल में रूकने वाले हैं, उसके बारे में व उसके आसपास की जगहों के बारे में भी पता लगाएं। इससे आपको दो लाभ होंगे। सबसे पहले तो आपको पैकिंग में आसानी होगी, वहीं दूसरी ओर, जब आपको काफी कुछ पहले से ही पता होगा तो अनजान शहर में आपको अकेला देखकर लोग आपका फायदा नहीं उठा पाएंगे, क्योंकि उन्हें ऐसा लगेगा कि आप यहां पहले भी कई बार आ चुके हैं और यहां की अधिकतर जगहों से वाकिफ हैं।

## सही तरह से करें पैकिंग

जब आप सोलो ट्रेवलिंग कर रहे हैं तो पैकिंग पर अतिरिक्त ध्यान दें। अपनी जरूरत का हर सामान पैक करें। हो सकता है कि नए शहर में आपको वह चीज आसानी से ना मिले, हालांकि अपना कीमती सामान साथ ना ही रखें तो बेहतर होगा। इसके अलावा, आप अपनी जरूरी डॉक्यूमेंट्स की एक सॉफ्ट कॉपी अपनी मेल आईडी पर जरूर रखें ताकि कभी भी जरूरत पड़ने पर आप उसे इस्तेमाल कर पाएं।

## कैरी करें कैश

आजकल डिजिटल जमाना है, इसलिए अधिकतर लोग कैश कैरी करना पसंद नहीं करते और ना ही उन्हें यह एक सुरक्षित तरीका लगता है। लेकिन ऐसा ना करें। सोलो ट्रेवलिंग के दौरान अपने साथ कुछ कैश अवश्य रखें। साथ ही साथ इस बात का भी ख्याल रखें कि आप उन्हें केवल एक जगह पर ही ना रखें। दरअसल, बाहर घूमते समय चोरी होने की संभावना बहुत अधिक होती है। ऐसे में अगर आपने कई अलग-अलग जगहों पर पैसे रखे होंगे तो चोरी होने पर भी आपको समस्या नहीं होगी।

## रखें सेफ्टी किट

यह एक बेहद महत्वपूर्ण पहलू है, जिस पर ध्यान दिया जाना अत्यंत आवश्यक है। चूंकि आप अकेले ट्रेवलिंग कर रहे हैं तो ऐसे में आपकी सुरक्षा का जिम्मा आपका ही है। इसलिए अपने बैग में एक सेफ्टी किट अवश्य बनाएं। जिसमें आप चाकू, पेपर स्प्रे, व अन्य चीजें रख सकते हैं। किसी अप्रिय स्थिति में यह चीजें आपके बेहद काम आएंगी। साथ ही साथ आप अपने किसी करीबी या प्रियजन को अवश्य बताएं कि आप कहां घूमने जा रहे हैं और आपके ट्रेवलिंग टाइमिंग्स क्या है। साथ ही साथ दिन में दो बार उससे बात अवश्य करें।

## ना करें जाहिर

भले ही सोलो ट्रेवलिंग आपको एक अनुभव प्रदान करती हो, लेकिन जब आप अकेले ट्रेवलिंग कर रहे हैं तो इस बात का अवश्य ध्यान रखें कि आप इस बात को सामने वाले पर जाहिर ना होने दें। कभी भी अनजान व्यक्ति से अपनी ट्रेवलिंग से जुड़ी सारी बातें शेयर ना करें और ना ही किसी को यह पता लगने दें कि आप अकेले ट्रेवल कर रहे हैं।

# पार्टनर के साथ घूमने के लिए बेहतरीन जगह है लोटस वैली



**अपने** गौरवशाली अतीत के साथ-साथ इंदौर में घूमने के लिए कई बेहतरीन स्थान मौजूद हैं। दुकान और सर्राफा बाजार की हलचल भरी सड़कों से, शहर पर्यटन स्थलों का एक समूह प्रदान करता है, जिसे इंदौर में देखने से नहीं चूकना चाहिए। शहर से कुछ ही दूरी पर, शानदार गुलावट लोटस वैली स्थित है। अपने शांत वातावरण और आश्चर्यजनक दृश्यों के कारण, इसे अक्सर छिपा हुआ रत्न माना जाता है। और चूंकि गुलावट लोटस वैली इंदौर के बहुत पास है, आप आसानी से एक दिन का समय निकाल सकते हैं और अद्भुत जगह की एक छोटी यात्रा का आनंद ले सकते हैं। चाहे आप अपने जीवनसाथी के साथ रोमांटिक आउटिंग की योजना बना रहे हों या पारिवारिक पिकनिक पर, यह एक ऐसी जगह है जहाँ आपको अवश्य जाना चाहिए। तो चलिए आज हम आपको इंदौर में गुलावट लोटस वैली के बारे में बता रहे हैं-

## इन चीजों का लें आनंद

गुलावट लोटस वैली यशवंत सागर डैम के पीछे वाली पानी से बनी एक प्राकृतिक झील है। अगर आप यहां है तो आपको झील के ऊपर स्थित विचित्र 100 मीटर के पुल की एक झलक अवश्य देखनी चाहिए। यहां से, आपको झील और खूबसूरत कमल का एक मनोरम दृश्य प्राप्त कर सकते हैं, जो इसे इंदौर में दर्शनीय स्थलों की यात्रा के लिए सबसे अच्छी जगहों में से एक बनाता है। पहली किरणों को झील के ऊपर तैरते फूलों को देखना बेहतरीन होता है। आप यहां पर नौका विहार और घुड़सवारी जैसी कुछ गतिविधियों में भी शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा, घाटी के पास स्थित हनुमान मंदिर के दर्शन भी कर सकते हैं। जगह की सुंदरता को बढ़ाते हुए, गुलावट घाटी के पास नीलगिरी और बांस के जंगल भी हैं जो आपको प्रकृति की गोद में कुछ समय बिताने का अवसर प्रदान करते हैं। आप जंगल में छोटे तालाब भी देख सकते हैं जहां यशवंत सागर बांध से पानी आता है। आप पास के गुलावट गांव में भी टहल सकते हैं और यहां के स्थानीय लोगों की जीवनशैली के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## घूमने का सबसे अच्छा समय

वैसे तो लोटस वैली में आप कभी भी जा सकते हैं, लेकिन यहां घूमने का सबसे अच्छा समय नवंबर से फरवरी तक का माना जाता है। जब इस वैली में फूल बेहतरीन तरीके से खिले होते हैं। इसके अलावा, यह सलाह दी जाती है कि आप सुबह जल्दी घाटी की यात्रा करें। ऐसा इसलिए है क्योंकि कमल की जड़ें कीचड़ में दबी रहती हैं। वे हर रात नदी के पानी में डूब जाते हैं और अगली सुबह आश्चर्यजनक रूप से फिर से खिलते हैं। इसलिए, यदि आप चमचमाते स्वच्छ कमल देखना चाहते हैं, तो समय पर पहुंचें।



स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com